डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्रवण शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 14 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-301, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स
78,956.03 -692.89

डॉलर
83.921 -0.020

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 70,780
01 किलो 81,230

पेज 10



बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड की कमान संभालेंगे...

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## हॉकी खिलाड़ी निक्की और सलीमा को रांची में घर बनाने के लिए जमीन देगा आवास बोर्ड

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने नेशनल महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को राजधानी रांची के हरमू में जमीन देने का फैसला लिया है। इस जमीन पर वे दोनों घर बना सकती हैं। बोर्ड मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित बोर्ड की 74वीं बैठक में इस संबंध में आए प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।



बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 19 प्रस्ताव लाए गए। इसके अलावा, पांच अन्य प्रस्ताव भी आए। बैठक के बाद चेयरमैन ने मीडिया को बताया कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान जैसी महिला हॉकी खिलाड़ी को हरमू में सरकारी कोटे से घर बनाने को जमीन देने का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया गया है। दोनों को 3750-3750 वर्ग फीट जमीन का आवंटन होगा। इसके अलावा, महत्वपूर्ण प्रस्तावों में बोर्ड मुख्यालय के सामने स्थित जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाए जाने का भी मामला है। इसका अनुमोदन कर दिया गया है। इसके लिए विज्ञापन जारी होगा। ज्वाइंट वेंचर में संचालन किया जाएगा। इसके अलावा बोर्ड मुख्यालय के करीब (हरमू) की ही जमीन पर आवास, दुकान निर्माण का भी प्रयास किया जाएगा। संजय लाल पासवान ने बताया कि राज्य भर में बोर्ड के स्तर से ऐसे लोगों पर भी एक्शन लिया जाना है, जो आवंटित आवास, संपदाओं का कॉमर्शियल यूज कर रहे हैं। राज्यभर में ऐसे 294 लोगों की सूची तैयार की गई है। एक सप्ताह के अंदर उन्हें आवंटित संपदा को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही, बोर्ड के स्तर से धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची में तैयार फ्लैट के ई-लॉटरी के जरिए आवंटन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से स्वतंत्रता दिवस को लेकर राज्य के सभी जिले के एसएसपी-एसपी को विशेष सर्तकता बरतने का आदेश दिया गया है। खासकर नक्सल प्रभावित इलाकों में पैनी नजर रखने को कहा गया है। साथ ही, नक्सल प्रभावित इलाकों में अभियान के दौरान सर्तकता बरतने को कहा गया है। नक्सली संगठन भाकपा माओवादी 15 अगस्त के मौके पर अपने प्रभाव वाले इलाके में काला झंडा फहराने की कोशिश करते हैं। इसे लेकर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों के साथ-साथ सामान्य जिलों में भी पुलिस को लगातार गश्त करने की हिदायत दी गई है। पुलिस मुख्यालय के जरिये आदेश जारी कर नक्सलियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है।

## राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान दें : कमांडेंट



- सीआरपीएफ 112वीं बटालियन ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा मार्च निकाला
- नागरिकों, स्कूली बच्चों व जवानों ने तिरंगे के साथ सेल्फी ली

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत 112वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में पलामू, लातेहार, चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम में 112 बटालियन सीआरपीएफ के तैनात कंपनियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में मंगलवार को कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू, जय प्रकाश सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी, नरेन्द्र सिंह, उपकमांडेंट राजेन्द्र प्रसाद रेगर, उपकमांडेंट के नेतृत्व में बटालियन के जवानों, उनके परिजनों के साथ स्थानीय युवाओं, आम नागरिकों के साथ अपने कैंप से चियांकी मिशन मोड़, चियांकी गांव, सुआ गांव तक तिरंगा दौड़ रैली व तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया। तिरंगा मार्च के दौरान स्थानीय जनता शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा तथा दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर 9.30 बजे क्षेत्रीय भाषा संस्करण प्रसारित करेगा।

### नगड़ी में पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि छापेमारी के क्रम में गुमला जिला से फरार पीएलएफआई उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल सिंह को नगड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि इसके खिलाफ गुमला जिला में नौ कांड दर्ज हैं। वह नौ कांडों में फरार चल रहा है। इसके खिलाफ में गुमला पुलिस द्वारा उसके घर पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। रांची जिला में इसके खिलाफ कांड दर्ज नहीं होने के कारण गुमला पुलिस को सूचित कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

झारखंड के नेशनल रूरल हेल्थ मिशन घोटाले में कार्रवाई

# धनबाद में कई ठिकानों पर ईडी की छापामारी

- कई दस्तावेज, बैंक अकाउंट्स, संपत्तियों के कागजात बरामद होने की सूचना
- 6 करोड़ 97 लाख 43 हजार रुपये से अधिक की राशि के गबन का मामला



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/धनबाद।** ईडी ने झारखंड में नेशनल रूरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) में 12 साल पहले हुए घोटाले से जुड़े केस में धनबाद शहर के सरायढेला स्थित कोयला कारोबारी एवं स्वास्थ्य विभाग के पूर्व संविदा कर्मी प्रमोद सिंह के आवास सहित कई ठिकानों पर मंगलवार को एक बार फिर छापेमारी की। इस दौरान कई दस्तावेज, बैंक अकाउंट्स के डिटेल्स, संपत्तियों के कागजात बरामद किए जाने की सूचना है। इसके पहले 4 जुलाई को छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किए गए थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रमोद सिंह को 11 जुलाई को पूछताछ के लिए समन भेजा था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ था। प्रमोद सिंह इस घोटाले का किंगपिन बताया जाता है। बता दें कि झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो ने नेशनल रूरल हेल्थ मिशन में पीएचसी (प्राइमरी हेल्थ सेंटर) के लिए वर्ष 2011-12 में आवंटित 6 करोड़ 97 लाख 43 हजार रुपये से अधिक की राशि के गबन का मामला पकड़ में आने के बाद 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। प्रमोद सिंह पर आरोप है कि इन्होंने पीएचसी के लिए आवंटित राशि को अपने खाते में मंगवाकर खर्च की। प्रमोद सिंह स्वास्थ्य विभाग में कांट्रैक्ट पर काम करता था शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। इसके बाद कोर्ट ने उसे 14 दिनों के न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। ईडी ने रिमांड अवधि के दौरान उससे कई बिंदुओं पर पूछताछ की है। जमीन घोटाला से जुड़े मामले में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं। इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। ईडी ने कमलेश को पांच समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया, लेकिन वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुआ था। इसके बाद ईडी ने छठा समन जारी कर 26 जुलाई को दिन के 11:00 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। कमलेश कुमार एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस 26 जुलाई को पहुंचा था। ईडी ने उससे पूछताछ की, लेकिन कमलेश ईडी के सवाल का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दे सका था।

## एवरेस्ट समिट 2.0 वियॉन्ड द माउंटेंस 18 को




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एवरेस्ट समिट 2.0 बियॉन्ड द माउंटेन्स में 20 से अधिक प्रतिष्ठित पर्वतारोहियों का स्वागत 18 अगस्त को किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन, सीसीएल और साइबरपीस कोर के सहयोग से किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार को जैप-1 ऑडिटोरियम (शौर्य सभागार), डोरंडा, रांची में होगा। समिट का उद्देश्य उपस्थित लोगों को प्रेरित और उत्साहित करना है, जो दुनिया के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण पहाड़ों को जीतने वाले साहसिकों की अद्भुत कहानियों को साझा करेगा। कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता होगी मलवध पूर्ना की भागीदारी। इन्होंने सिर्फ 13 साल और 11 महीने की उम्र में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़कर सबसे युवा महिला बनने का रिकॉर्ड बनाया। पूर्ना ने 27 जुलाई 2017 को यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर चढ़ाई की है।

उनके साथ शामिल होंगी काम्या कार्तिकेयन, जिन्होंने 16 साल की उम्र में 20 मई 2024 को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर भारत की दूसरी सबसे युवा और दुनिया की दूसरी सबसे युवा पर्वतारोही बनने का रिकॉर्ड बनाया। मुख्य वक्ता के रूप में तेनजिंग जम्लिंग शामिल होंगे, जो दार्जिलिंग के तेनज़िंग नॉर्गे के बेटे हैं और जिन्होंने दो बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई की है। इन प्रतिष्ठित पर्वतारोहियों के साथ-साथ कई अन्य सम्मानित साहसिक लोग भी अपने अनुभव साझा करेंगे। आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट शेष पृष्ठ 11 पर

## 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पर बनी जेपीसी के चेयरमैन होंगे जगदंबिका पाल

**नई दिल्ली।** भाजपा के लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पर विस्तार से विचार करने के लिए बनाए गए जेपीसी के चेयरमैन होंगे। पाल को 31 सांसदों वाली जेपीसी का चेयरमैन बनाया गया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में समाप्त हुए संसद के सत्र में वक्फ कानून में बदलाव लाने के लिए लोकसभा में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पेश किया था। विपक्षी दलों और एनडीए गठबंधन में शामिल टीडीपी की मांग को मानते हुए सरकार ने इस बिल को जेपीसी में भेजना स्वीकार कर लिया। किरेन रिजिजू ने इस विधेयक को जेपीसी में भेजने का प्रस्ताव सदन में रखा था। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सांसदों को इस 31 सदस्यीय जेपीसी में शामिल किया गया है। लोकसभा से जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके. अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, मोहम्मद जावेद, मौलाना मोहिब्बुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए. राजा, लावु श्री कृष्ण देवरायलु, दिलेश्वर कामत, अरविंद सांवत, एम सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हस्के, अरुण भारती और असदुद्दीन ओवैसी सहित कुल 21 सांसदों को जेपीसी में शामिल किया गया है। वहीं, राज्यसभा से बृज लाल, मेधा विश्राम कुलकर्णी, गुलाम अली, राधा मोहन दास अग्रवाल, सैयद नसीर हुसैन, मोहम्मद नदीमुल हक, वी. विजयसाई रेड्डी, एम मोहम्मद अब्दुल्ला, संजय सिंह और डी. वीरेंद्र हेगड़े सहित 10 सांसदों को इसमें जगह दी गई है। इस विधेयक पर विचार करने के बाद जेपीसी को संसद के अगले सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

## आज कल




कलकत्ता हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

## लेडी डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या मामले की जांच सीबीआई करेगी

### तत्काल सौंपने होंगे सारे दस्तावेज, हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सीबीआई से मामले की जांच कराए जाने का आदेश दिया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने इससे जुड़े केस डायरी के निरीक्षण के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकार को मामले से संबंधित सभी जानकारी और दस्तावेज सीबीआई को सौंपने होंगे। इसके



अलावा, पुलिस की तरफ से जुटाए गए सभी सीसीटीवी फुटेज भी सीबीआई को सौंपे जाने चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड की चौथी मंजिल पर एक महिला डॉक्टर का शव खून से लथपथ अवस्था में मिला था। इस घटना ने राज्य भर में हड़कंप मचा दिया था। हत्या और दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए आरजी कर के जूनियर डॉक्टरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है और लगातार धरने पर बैठे हैं। बाद में, इस आंदोलन में अन्य डॉक्टर भी शामिल हुए। यह आंदोलन केवल आरजी कर मेडिकल कॉलेज तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राज्य के विभिन्न अस्पतालों में भी फैला है। यहां तक कि देश के विभिन्न अस्पतालों के डॉक्टरों ने भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

## स्वतंत्रता और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक तिरंगे का सम्मान और नियम



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कल 15 अगस्त को ध्वजारोहण किया जाएगा जिस अवसर पर यदि राष्ट्रगान या धुन बज रही हो तो तुरंत सम्मान में सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना चाहिए । यह सामान्य छुट्टी मनाने का दिन नहीं इसलिए किसी न किसी झंडोत्तोलन में परिवार के साथ अवश्य भाग लेना चाहिए जो उन जाने अनजाने स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान होगा । तिरंगा सिर्फ झंडा मात्र नहीं भारत की स्वतंत्रता और सम्मान का प्रतीक है। सेना इसके लिए जान की बाजी लगा देती है । जिन्होने भारत पाकिस्तान की सीमा में बाघा बॉर्डर में ध्वजारोहण या शाम की लगभग 35 मिनट की राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान उतारने की भव्य परेड देखी हो वे जीवनभर इस रोमांच को नहीं भूल पाएंगे । हर घर तिरंगा अभियान ने हर व्यक्ति को मौका दिया कि वे अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सके। इसे फहराते समय जितना सम्मान दिया जाता है, उतना ही उतारते समय भी दिया जाना चाहिए। तिरंगे को समेटने का नियम है सबसे पहले तिरंगे को दो व्यक्ति पकड़ेंगे। उसके बाद सबसे पहले हरे रंग वाली पट्टी को मोड़ा जाएगा। फिर केसरिया रंग की पट्टी को हरे रंग की पट्टी पर समेटने के बाद दोनों व्यक्ति अपनी-अपनी ओर तिरंगे को फोल्ड करेंगे। ऐसा करने पर अशोक चक्र उपर की ओर आ जाता है। इस तरह से तिरंगे को समेटना चाहिए। कागज के झंडे का चलन बहुत है कई लोग सड़कों पर या कूड़े में इसे फेंक देते हैं जो जो राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। फ्लैग कोड के मुताबिक देश के झंडे का संपर्क किसी भी हालत में जमीन या पानी से नहीं होना चाहिए। अगर यह किसी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है तो इसे एकांत में जलाकर नष्ट कर देना चाहिए। कोई व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते, इसे जलाते, दूषित करते, कुचलते या नियम विरुद्ध ध्वजारोहण करते पाया जाता है तो उसे तीन साल की जेल या जुमार्ना देने का दंड मिल सकता है। कई देशविरोधी शक्तियां या संगठन तिरंगे को जलाकर या अपमानित कर भारत को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं जिसकी तीखी प्रतिक्रिया होती है । एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि 15 अगस्त को ध्वजारोहण किया जाता है और 26 जनवरी को



तिरंगा फहराया जाता है। ध्वजारोहण और झंडा फहराने के बीच एक बड़ा अंतर है। जब तिरंगे को नीचे से रस्सी के माध्यम से खींचकर फहराया जाता है, तो इसे ध्वजारोहण कहते हैं। लेकिन 26 जनवरी में तिरंगा ऊपर ही बंधा होता है, जिसे पूरा खोलकर फहराया जाता है। इसे झंडा फहराना कहते हैं।तिरंगा फहराने के सही तरीकों और इसके अपमान पर सजाओं का उल्लेख फ्लैग कोड ऑफ इंडिया 2002 में है । इसके अपमान से जुड़ी कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट, 1971 कानून के तहत की जाती हैं। 26 जनवरी 2002 के फ्लैग कोड के नियम 2.2 के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति, संस्था, शैक्षिणिक संस्थान और निजी-सरकारी संस्थान तिरंगा झंडा को सम्मान के साथ किसी भी दिन या किसी भी अवसर पर फहरा सकते हैं। भारतीय झंडा हाथ से काते गए, हाथ से बुने गए ऊनी/ सूती/ सिल्क/ पॉलिस्टर या खादी के कपड़े से बना होना चाहिए। झंडे की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 ही होना चाहिए। यानी भारतीय झंडा एक वर्ग के आकार में न होकर आयत होना चाहिए। इससे पहले मशीन से बने और पॉलिस्टर से बने राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग की अनुमति नहीं थी। नियमों के अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज में किसी तरह की तस्वीर, पेंटिंग या फोटोग्राफ का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। फटा हुआ और मैला झंडा प्रदर्शित नहीं कर सकते। ध्वज के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए। इसे झुका कर नहीं रखना चाहिए। जहां तिरंगा फहराया जा रहा है, वहां यह सबसे ऊपर होना चाहिए। यानी इसके साथ कोई और झंडा इससे ऊंचा नहीं होना चाहिए। जिस भी खंभे या स्तंभ पर झंडा लगा हो उस पर किसी तरह का विज्ञापन नहीं होना चाहिए। यानी राष्ट्रीय ध्वज का प्रयोग व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए नहीं किया जा सकता है।भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को 20 जुलाई 2022 के संशोधन के बाद जहां ध्वज खुले में प्रदर्शित किया जाता है या किसी नागरिक के घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां इसे दिन-रात फहराया जा सकता है। जबकि पहले तिरंगे को सूर्योदय से सूर्यास्त तक लगाने की अनुमति थी।

## बाबा रामदेव और बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत, बंद हुआ अवमानना का केस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस हीमा कोहली की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों के खिलाफ कोर्ट की अवमानना की कार्यवाही बंद करने का आदेश दिया। इससे पहले, दोनों ने दवाओं के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी थी और अखबारों में सार्वजनिक माफीनामा भी प्रकाशित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के सार्वजनिक माफीनामे को स्वीकार किया और भविष्य में भी गलती न करने की हिदायत दी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए के अध्यक्ष आरवी अशोकन को उनके इंटरव्यू पर जमकर फटकार लगाई थी। कोर्ट ने अशोकन को निर्देश दिया था कि उन्हें उन सभी अखबारों में माफीनामा छपवाना होगा, जिनमें उनके इंटरव्यू प्रकाशित हुए थे। कोर्ट ने कहा था कि अशोकन अपना माफीनामा आईएमए के खर्चे पर नहीं, बल्कि खुद के खर्चे पर छपवाएंगे।

## एक नजर

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में भारी मात्रा में महुआ और 120 लीटर शराब जब्त

**हुसैनाबाद।** पलामू डीसी के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश के आलोक में सशस्त्र बल तथा कामगारपुर पिकेट के सहयोग से हुसैनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम- सिकनी और खजुरबन मे संचालित अवैध शराब निर्माण स्थलों पर छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में संचालित अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठी, जावा महुआ, उपकरण को विनष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने के आरोप मे संलिप्त अवैध चुलाई शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद प्रहार बल, अनूप प्रकाश , काम्पागारपुर पिकेट दल, सशस्त्र गृह रक्षक बल शामिल थे।

# किशुनडीह में एक ही परिवार में नवजात सहित 5 को डायरिया

**– मेडिकल टीम ने बीमारी पर पाया नियंत्रण**



**नवीन मेल संवाददाता**

मोहम्मदगंज। प्रखंड मुख्यालय स्थित किशुनडीह टोला में सोमवार की रात अचानक डायरिया का प्रकोप बढ़ गया। इसमें एक ही परिवार में नवजात शिशु सहित 5 सदस्य इस बीमारी से पीड़ित हो गए थे। इसकी सूचना सोशल मीडिया ग्रुप में समाजसेवी मंटू दास ने शेयर किया। जिसे गंभीरता से लेते हुए बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने स्वास्थ्य विभाग को सूचित किया। इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल हुसैनाबाद अनुमंडलीय उपाधीक्षक डा. विनेश कुमार, डा. पीएन सिंह और स्थानीय सीएचओ रामी किंडो ने तुरंत पहुंच कर बीमारों का इलाज शुरू किया। 70 वर्षीय नन्हक रजवार की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल रेफर किया गया, जबकि 30 वर्षीय विश्वनाथ रजवार का इलाज हुसैनाबाद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। परिवार के अन्य तीन सदस्यों की स्थिति में सुधार बताया जाता है।ग्रामीणों को इस बात की चिंता सता रही है कि परिवार के अन्य सदस्य भी डायरिया की चपेट में न आ जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से संक्रमण की रोकथाम के लिए सही तरीके से जांच और उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। जिससे अन्य लोग इस बीमारी से सुरक्षित रह सकें।

### स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड में स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रखंड कर्मियों एव पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय में हुई। इस बैठक मे सर्व समिति से सभी सरकारी कार्यालय में झंडोत्तोलन का समय सीमा निर्धारित किया गया। इसमें प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 7:50 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।वहीं, रामधनी साहू बालिका उच्च विद्यालय 8:15, अनुमंडल पुलिस कार्यालय 8:25, थाना परिसर 8:30, गांधी चौक 8:45, राजकीय उच्च विद्यालय 8:55 , पशु चिकित्सालय 9:10 ,मध्य विद्यालय 9:20, प्रखंड संसाधन केंद्र 9:25, आवासीय बालिका उच्च विद्यालय 9:35, भारतीय स्टेट बैंक 9:40 ,डाकघर 9:45, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 9:55, कस्तूरबा गांधी 10:05, पंचायत सचिवालय लेस्लीगंज 10:45, तथा झारखंड सशस्त्र पुलिस बल - 8 में 11:30 पूर्वाहन में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### पंचायत सचिव ने उप्रावि नदीपर का किया निरीक्षण



**मोहम्मदगंज।** पंचायत सचिव अविनाश कुमार और युवा समाजसेवी रौशन कुमार ने मुखिया कमला देवी की सलाह पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नदीपर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को क्लास रूम में साफ सुथरे पोशाक में अनुशासित तरीके से समवेत स्वर में अध्याय का पाठ करते हुए पाया। शिक्षक सह स्कूल प्रभारी प्रमोद यादव को उपस्थित पाया। युवा समाजसेवी ने बताया कि उम्मीद से ज्यादा अच्छी स्थिति देखने को मिली। जबकि ऐसी अपेक्षा नहीं थी। उन्होंने कहा कि शिक्षक को दायित्व और बच्चों को पढाई के प्रति उत्साहित देख बचपन के दिन याद आ गए। उन्होंने कहा कि जो कुछ कमियां नजर आईं, उन्हें दुरुस्त करने की सलाह शिक्षक को दिया गया। उन्होंने स्कूल भवन के रंगाई पुताई और रखरखाव की जरूरत बताते हुए शिक्षक को इस दिशा में कोशिश करने की बात कही। उन्होंने बताया कि इस प्रकार से निरीक्षण करने से स्कूलों में पठन पाठन की स्थिति को और दुरुस्त किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों को भी समय समय पर स्कूलों की ओर ध्यान रखने की जरूरत बताया।

### नगर पंचायत क्षेत्र में समुचित स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की मांग



**छतरपुर।** करीब एक साल पहले पूरे नगर पंचायत क्षेत्र, छतरपुर में स्ट्रीट लाइट लगाया गया, लेकिन कुछ गली-मोहल्ले में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण स्ट्रीट लाइट अभी तक नहीं लग पाया है। उदाहरण के तौर पर पुनर्वास में उमाशंकर सिंह की गली में करीब सात पोलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। इस कारण रात में यहां अंधेरा छाया रहता है। लोगों को सांप- बिच्छू काटने का डर बना रहता है। ऐसे में बच्चे भी शाम को घर के बाहर नहीं निकल सकते हैं। कई बार नगर पंचायत में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे यहां की जनता में आक्रोश है। वहीं, मदनपुर वार्ड नंबर एक रविदास टोला के किसी भी पोल पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाया गया है। कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगायी गई है। यहां भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने छतरपुर के नगर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार इंजीनियर सुरेश कुमार को इस समस्या से अवगत कराया। कुमार ने नगर पंचायत के अधिकारियों से बात कर उन सभी बिजली के खंभों पर, जिस पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगायी गई है, उस पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए अनुरोध किया।

## मोहम्मदगंज के किसी भी स्कूल में तड़ित चालक संयंत्र नहीं, जो लगे थे चोरी चले गए




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मॉनसून के प्रवेश के साथ ही आसमानी बिजली की गरज और चमक शुरू हो जाती है। तब स्कूल गए बच्चों की चिंता अभिभावकों को सताने लगती है। इसकी वजह है कि किसी भी स्कूल में वज्रपात से बचाव के लिए तड़ित चालक संयंत्र नहीं है। बताया गया कि 2012 में एक साथ प्रायः सभी स्कूलों में तड़ित चालक संयंत्र स्थापित किए गए थे। जो कालांतर में चोरी चले गए। जबकि चालू मौसम में आकाशीय बिजली का खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के किसी भी स्कूलों में तड़ित चालक संयंत्र का नहीं होना चिंता का विषय बन गया है। बीईईओ महेंद्र प्रजापति ने भी इस बात की पुष्टि की है। आदर्श आरके प्लस टू रहमानिया उवि, तारा और प्रखंड मुख्यालय स्थित नव स्तरोन्नत आरके प्लस टू उवि में भी तड़ित चालक संयंत्र नहीं लगा है। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार और राकेश कुमार सिंह ने भी इसकी पुष्टि करते हुए इसकी जरूरत बताया है। बीईईओ सहित दोनों प्रधानाध्यापक ने कहा कि काफी पहले तड़ित चालक लगाए गए थे। जो चोरी चले गए। अभिभावकों का कहना है कि चालू मौसम में इस क्षेत्र में आसमानी बिजली का कहर एक बड़ी प्राकृतिक आपदा है। भारतीय मौसम विभाग ने थंडरिंग और लाइटनिंग के खतरों को लेकर जिन राज्यों को चिन्हित किया है, उनमें झारखंड भी शामिल है। चालू मौसम में यह इलाका भी इसके कहर बरपा से अछूता नहीं रहता है। ऐसे में उन्होंने सभी स्कूलों में तड़ित चालक लगाना जरूरी बताया है।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा चलाया गया हर घर झंडा अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर में भाजपा द्वारा मंगलवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया। विश्रामपुर, नावा बाजार, पांडू और उंटारी रोड के अलावा नगर परिषद के भाजपा कार्यक्रता स्थानीय डाक बंगला मैदान में जमा हुए। जहां से तिरंगा यात्रा की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा बी मोड़, रेहला, गोदरमा, पांडेयपुर, उरसुला सहित पूरे नगरपरिषद क्षेत्र में भ्रमण किया। चंद्रवंशी खुद भी यात्रा में शामिल होकर तिरंगे के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान चंद्रवंशी ने हर घर झंडा अभियान के तहत खुद भी घर-घर तिरंगा झंडा लगाया। उन्होंने लोगों से भी घर-घर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की।

चंद्रवंशी ने कहा कि तिरंगा हर हिन्दुस्तानियों का सम्मान है। तिरंगा यात्रा में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उंटारी पूर्व जिला पार्षद मनोज सिंह, पूर्व प्रमुख राम सेवक राम, मणिभूषण पांडेय, शुशील ठाकुर, गोपाल सोनी, संजय ठाकुर, दिनेश शुक्ला, विकाश चौबे, किरण शर्मा, मनोरंजन गुप्ता, मनीष कुमार, संतोष राम, शिवबंश मिश्रा, संजय तिवारी, अवधेश सोनी, असलम बहादुर, उदेश्वर यादव, उदय यादव, किरण देवी, सुनील कुमार चौधरी, विजय कुमार रवि, विकास कुमार, रामप्रवेश मेहता, महादेव यादव, धीरन तिवारी सहित सैकड़ों भाजपा नेता कार्यक्रता शामिल हुए।

## हुसैनाबाद में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया। इसकी शुरूआत भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय ललन कुमार सिंह के आवासीय परिसर से शूरू हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिनोद कुमार सिंह ने तिरंगा झंडा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। जो शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य शहर होते हुए हैदरनगर, मोहम्मदगंज, मुख्य बाजार में तिरंगा के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों से अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने की अपील की। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। घर-घर तिरंगा अभियान देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का प्रयास है। तिरंगा देश की आन बान शान है, सभी हिन्दुस्तानियों का अभिमान है।

**तिरंगा हमे जोड़ना सिखाता है : विनोद सिंह**

उन्होंने कहा कि तिरंगा हमें राष्ट्र के प्रति समर्पण और राष्ट्र सेवा की भावना जागृत करता है। इसलिए हम सबों का फर्ज है कि तिरंगे की आन,बान,शान के लिए किसी भी प्रकार का समझौता ना करें। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमे जोड़ना सिखाता है, एक दूसरे के साथ मिलकर आगे बढ़ना सिखाता है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमन, नागेंद्र सिंह, श्रवण कुमार, उदय विश्वकर्मा, कृष्णा बैठा, अजय जयसवाल, मधु लता रानी, तृप्ति सिंह, देवदत सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रंजीव सिंह ऊर्फ छोटू सिंह, मुजाहिर हुसैन समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## विस चुनाव को लेकर हुसैनाबाद में राजनीतिक घमासान तेज





**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला मुख्यालय के 79 हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के नेता अभी से ही चुनावी तेवर में नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि पूर्व और वर्तमान विधायक अंगद की तरह पांव जमा कर इस विधानसभा क्षेत्र में बैठे कमलेश कुमार सिंह से जीत का उमीद दोहराना चाहते हैं। सभी नेता विधानसभा क्षेत्र के आम लोगों के बीच जाकर अपनी वोट को बरकरार रखने के लिए रात दिन पसीना बहा रहे हैं। इसके पिछले विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे पूर्व विधायक वह राजद नेता संजय कुमार यादव भी लगातार आम मतदाताओं के बीच संपर्क बनाकर अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के लिए सक्रिय हैं। बता दें कि विधायक कमलेश सिंह ने विगत दिनों से प्रखंड का दौरा करना शुरू कर दिया है, जिसके तहत उन्होंने अब तक हुसैनाबाद, हैदरनगर व अन्य जगह जाकर अपना वोट कायम रखना चाहते है। इनके दोनों राजनीतिक प्रतिद्वंती मनीष कुमार सिंह, संजय सिंह यादव भी इनकों इस बार पटकनी देने के लिए निरंतर आम मतदाताओं के बीच जनसंपर्क अभियान चला कर कमलेश सिंह के 10 साल के कार्यकाल के नकारात्मक छवि बताकर अपनी राजनीतिक पाठ बनाने की कोशिश में निरंतर सक्रिय हैं। हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव में जहां तक विधायक कमलेश सिंह का सवाल है कमलेश सिंह को इस बार भी चुनौती पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी बदलने स्थिति में मिलने वाली है। लोकसभा चुनाव में कमलेश सिंह ने भाजपा को समर्थन किया था, लेकिन इस बार पार्टी खुद चुनाव लड़ सकती है। ऐसा श्री सिंह रांची से दिल्ली तक टिकट के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक बात नहीं बन पाई है। लिहाजा इस बार हुसैनाबाद के पूर्व व वर्तमान विधायक अन्य पार्टी में भी टिकट के लिए खूब चक्कर लगा रहे हैं। चुनाव के समय जहां तक हुसैनाबाद विधानसभा चुनाव क्षेत्र में एक अन्य ताकतवर नेता के रूप बहुजन समाज पार्टी के मनीष कुमार सिंह भी पूर्व व वर्तमान विधायक का मुसीबत बन सकते हैं। बताते चले की पिछले दिनों बसपा के तत्वावधान में एक कार्यकर्ता बैठक आहूत की गयी थी। इस बैठक में विशिष्ट अतिथी के रूप में अपना संबोधन से पार्टी के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार ने यह संदेश दिया कि वह हुसैनाबाद से बसपा के प्रत्याशी हो सकते हैं।

### विरोध में लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज में विरोध प्रदर्शन

## महिला चिकित्सक की हत्या चिंताजनक : सुभाष तेतरवे





**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में कॉलेज पदाधिकारियों, चिकित्सकों व छात्र-छात्राओं की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कोलकाता के एक ट्रेनी महिला डॉक्टर की नृशंस हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही मृतक महिला डॉक्टर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। कॉलेज के प्राचार्य विवेक कश्यप ने कहा कि डॉक्टर कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराते हैं। बावजूद उनकी निर्ममता के साथ हत्याएं हो रही है, जो काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सभी स्तर के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। उक्त हत्याकांड के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य सुभाष तेतरवे ने कहा कि चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होना चाहिए। कोलकाता में हुई महिला चिकित्सक की हत्या चिंताजनक है। इस तरह की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने आरोपियों को कड़ी सजा देने की अपील करते हुए महिला चिकित्सक को न्याय दिलाने की मांग पश्चिम बंगाल और केंद्र सरकार से की। बैठक में यह निर्णय हुआ कि न्याय नहीं मिलने तक प्रतिदिन कुछ मिनट के लिए छात्र-छात्राएं एकत्रित होकर विरोध स्वरूप दीया या अगरबत्ती जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखेंगे। मौके पर डॉ कृष्णावती, डां ओमप्रकाश श्रीवास्तव, ज्योतिका श्रीवास्तव, हरिमोहन प्रसाद सिंह, सरस संचय कश्यप, श्रवंती कुमारी, डॉ. भास्कर, राहुल सिंह, ओम प्रकाश भारती, आकृति, अंजुला, सृष्टि, संजय, पूजा, पल्लवी सहित कई लोग मौजूद थे।



## 5 कि.मी. घुमकर जाना पड़ता था, पूर्व मेयर ने ठीक कराया रास्ता



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार चैनपुर नेउरा मार्ग जा कर स्वयं वहां का हाल देखा। साथ ही वहां निगम द्वारा निगम क्षेत्र तक कार्य करा रहे जूनियर इंजीनियर मिट्टी हटवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क पर मिट्टी रहने के कारण आवागमन बाधित हो रही है। साथ ही उन्होंने भरे गए गड्ढों को झावा ईटों को रखकर रोलर से रोलिंग करवाने को भी कहा। प्रथम महापौर ने बताया कि नेउरा की ओर से आने वाली प्रसूति महिलाओं को पांच किलोमीटर घुमकर शहर के अस्पताल में आना पड़ता है। यह हम सबों के लिए शर्म की बात है। साथ ही स्कूली बच्चों को भी कई परेशानियों का सामना कर पड़ रहा था। प्रथम महापौर ने खुद वहां के प्रमुख सह पार्षद विजय एवं स्थानीय लोगों की देखरेख में सड़क से मिट्टी हटवाया। प्रथम महापौर ने कहा कि यह मार्ग छत्तीसगढ़ जाने के लिए मुख्य मार्ग है इसे तुरंत बनना चाहिए।

# लोकसभा चुनाव के दौरान मृत कर्मचारियों के आश्रितों को उपायुक्त ने सौंपा 15-15 लाख रुपए का चेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्ति के दौरान मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि के रूप में 15 लाख रूपए का चेक सौंपा। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग उपस्थित थे।

### कुल तीन आश्रितों को सौंपा गया चेक,एक आश्रिता रहीं अनुपस्थित

उपायुक्त रंजन ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, कटैया हरिहरगंज के में सहायक अध्यापक स्वःअखिलेश पटेल की आश्रिता सुनीता देवी, स्व : विधानचंद्र तिवारी जो कि बतौर गृह रक्षक तैनात थे। उनकी आश्रिता प्रभावती देवी व राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में तैनात रहे स्वर्गीय अवध किशोर राम की आश्रिता सोनी देवी को चेक सौंपा। वहीं जिला बल के आरक्षी स्वः नित्यानंद महतो की आश्रिता पिंकी देवी अनुपस्थित रहीं। इन्हें बाद में चेक सौंपा जायेगा। सभी आश्रितों अपने परिवारजनों संग चेक प्राप्त करने पहुंचे थे।

## एक नजर

### चोरी रोकने के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन करें डीआईजीः भाकपा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने पलामू जिला में आए दिन लगातार शहरी क्षेत्र में हो रहे चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अभी एक महीना के अंदर एक दर्जन से अधिक घरों में चोरों ने चोरी करके सारा सामान साफ कर दिया, फिर भी उन चोरों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई, जिससे यह साफ पता चलता है कि पलामू जिले का जिला प्रशासन निरंकुश हो चुका है। पलामू आरक्षी अधीक्षक ने 2 दिन पहले प्रेस बयान में कहा कि 72 घंटे में चोरों का खुलासा हो जाएगा, लेकिन वह 72 घंटा कब का पार हो चुका लेकिन अभी तक, प्रदीप तिवारी ,अश्वनी तिवारी अधिवक्ता, लवली गुप्ता, दो नंबर टाउन में हुए चोरी का मामलों में अबतक इन चोरों का खुलासा प्रशासन ने नहीं कर पाया है।

## भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली, शामिल हुए भाजपाई

# अभियान से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान बढ़ेगा: भाजपा



- शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए छहमुहान पर समाप्त हुआ
- राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ावा मिलेगाः विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा, पलामू जिला के नेतृत्व में आज जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में डाल्टनगंज विधानसभा का तिरंगा यात्रा सह बाइक जुलूस निकाला गया। यह जुलूस एरिगेशन मैदान रेड़मा काली मंदिर के सामने से शुरू होकर रेड़मा चौक दो नंबर टाउन बेलवटिकर, सुभाष चौक, छह मुहान, बस स्टैंड, सुदना ,बैरिया चौक, बीस फूटा, भारत माता चौक, भगत सिंह चौक होते हुए छह मुहान पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अवसर पर सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने कहा कि 'हर घर तिरंगा अभियान' से न केवल नई पीढ़ी, बल्कि देश के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गर्व और सम्मान बढ़ेगा। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि यह राष्ट्रीय कार्यक्रम युवाओं में ऊर्जा का संचार करने और शहीदों को सच्ची राष्ट्रभक्ति व उनमें राष्ट्र प्रेम जगाने के लिए आयोजित किया गया है। बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदे मातरम' के नारे लगा रहे थे। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा हमेशा राष्ट्र को अपना बलिदान देने वाले महापुरुषों को श्रद्धांजलि देने के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि आनेवाली युवा पीढ़ी हमारे महापुरुषों को याद करती रहे। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि देश के हर घर में तिरंगा झंडा प्रदर्शित हो। इससे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ावा मिलेगा।

### अपने-अपने घरों में बच्चों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें: प्रभारी

इस अवसर पर भाजयुमो पलामू प्रमंडल प्रभारी ने कहा कि पूरे भारत में हर घर तिरंगा अभियान पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, उन्होंने सभी से आग्रह भी किया कि अपने-अपने घरों में बच्चों के द्वारा तिरंगा लगाने के साथ ही अपने आस पड़ोस के घरों में भी तिरंगा फहराने के लिए सबको प्रेरित करें। जुलूस का नेतृत्व करते हुए यूवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपुल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत युवाओं में राष्ट्रभक्ति का प्रेम का अलख जगाना है, ताकि देश की एकता और अखंडता बरकरार रहे। इस अवसर पर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी , जिला महामंत्री द्वय विजय ठाकुर , ज्योति पांडे, निवर्तमान महापौर श्रीमती अरुणा शंकर, निवर्तमान उपमहापौर मंगल सिंह , पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गा जौहरी, अविनाश वर्मा , प्रफुल सिंह, विभाकर नारायण पांडे, भाजयुमो प्रमंडल प्रभारी दीपक सिंह, भाजयुमो जिला प्रभारी रघुवीर यादव , भाजयुमो जिला अध्यक्ष विपुल कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू की टीम बोकारो रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बोकारो जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर बालक -बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कंपलेक्स चंदनक्यारी जिला बोकारो में 13 से 14 अगस्त तक 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं की होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू के कैप्टन आर्यन कुमार के नेतृत्व में 09 सदस्यीय टीम को जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा,सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, डेहरी ऑन सोन, बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन से रवाना किया। निम्नलिखित खिलाड़ियों जिनका एएफआई में रजिस्ट्रेशन था को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अवसर प्राप्त हुआ।

**बालिका वर्ग**

खुशबू रानी

**बालक वर्ग**

कैप्टन आर्यन कुमार,आदित्य भारद्वाज, अंकित कुमार, पंकज कुमार, अविनाश यादव ,बजरंगी चौधरी, प्रभात कुमार, राहुल कुमार रजक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बेंगलुरु में आयोजित ओपन सीनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। सभी चयनित खिलाड़ियों को पलामू जिला पूर्व खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, वर्तमान खेल पदाधिकारी संजीव कुमार ,पलामू जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे ,वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता, योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल पाण्डेय, पलामू जिला साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार ,पलामू जिला राइफल शूटिंग संघ के सचिव अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सुनील उपाध्याय, शशिकांत त्रिपाठी , एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, रिया कुमारी, मोनू कुमार, सोनी कुमारी ,प्रीति कुमारी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त की है।

### कोयला लदे पांच ट्रक जब्त



मेदिनीनगर। जिले में अवैध खनन,परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को पड़वा मोड़ इलाके में खान निरीक्षक हरेंद्र गुप्ता व शुभम कुमार ने कार्रवाई करते हुए कोयला लदे पांच ट्रक को जब्त कर पड़वा थाना को सुपुर्द किया है। यह सभी ट्रक द्वारा जिस चालान के आधार पर कोयला का परिवहन किया जा रहा था वो संदिग्ध पाया गया है। सभी चालान को वेरीफाई करने की कार्रवाई जारी है,चालान का जांच के पश्चात नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डॉक्टर से रेप और हत्या के विरोध में चिकित्साकर्मियों ने कैंडल मार्च निकाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर से हुई रेप और हत्या की घटना के बाद पूरे देश में इसका विरोध हो रहा है। पूरे देश में डॉक्टर और जूनियर रेजिडेंट सड़कों पर निकले और इस घटना का पुरजोर विरोध किया। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर ने सामूहिक हड़ताल पर रहे। वे पीड़िता के साथ न्याय करने तथा मामले में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। हालांकि इस दौरान अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं चालू रहीं। अस्पताल में ओपीडी नहीं चलने के कारण मरीजों को खास दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं मंगलवार की शाम जूनियर डॉक्टरों के संगठन जेडीए के नेतृत्व में डॉक्टर,जूनियर रेजिडेंट तथा मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से लेकर छह मुहान तक निकाला गया। कैंडल मार्च में विरोध स्वरूप डॉक्टर हाथों में पोस्टर लिए नजर। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह उपाधीक्षक डॉ. आरके रंजन डॉ. राजीव नयन डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ. राजेश मालवा ,डॉ. स्नेहील, डॉ. सुशील पांडेय,डॉ. संजय कुमार ,डॉ. रजत कुमार एवं डॉ. रेनू यादव मौजूद रहे।



## अभाविप ने महाविद्यालय की समस्याओं और शैक्षणिक अराजकता के संबंध में ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेदिनीनगर नगर मंत्री विपिन यादव के नेतृत्व में जनता शिवरात्रि महाविद्यालय प्राचार्य को शैक्षणिक अराजकता के संबंध में ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि महाविद्यालय में कई जगहों पर पानी जमा हुआ हैं। साथ ही सफाई नहीं होने से गंदगी का अंबार लगा हुआ हैं। महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा अविलंब पूरे महाविद्यालय में सफाई करायी जाये। महाविद्यालय के भवन की स्थिति जर्जर हो गई है। ऐसी स्थिति में छात्र आंशिकत रहते हैं। महाविद्यालय प्रशासन इसे अविलंब मरम्मत कराये अन्यथा अगर किसी भी तरह की दुर्घटना घटती है तो उसकी सारी जवाबदेही महाविद्यालय प्रशासन की होंगी। साथ ही महाविद्यालय में सभी विषयों में नियमित कक्षा चले एवं छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य की जाए। इस संबंध में कार्यकताओं ने सात दिनों के अंदर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकर्ता आंदोलन हेतु बाध्य होगें। परिषद के महाविद्यालय अध्यक्ष आकाश वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता लगातार व्याप्त हैं। नामांकन के नाम पर छात्रों से अनावश्यक पैसे उगाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रों के हितों के लिए सदैव तत्पर है।




## सकारात्मक पहल

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, कहा-

# शिक्षकों की टोली बना कर बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करें

- प्रभारी कमरों और चहारदीवारी का व्यय स्टीमेट बना कर कार्यालय को भेजें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानन्द झा ने मंगलवार को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान ही राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय हरिनामांड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की पाठ्य-टीका तथा रेल परियोजना के तहत बच्चों के मुल्यांकन रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टर देखने पर उन्होंने पाया कि कुछ बच्चे रेल मूल्यांकन में सम्मिलित ही नहीं हुए है। इसका कारण शिक्षकों और प्रभारी प्रधानाध्यापक से जाना। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों की उपस्थिति बहुत कम होने के कारण वह रेल मूल्यांकन में सम्मिलित होने से वंचित हो रहे हैं। शिक्षकों ने बताया कि जो बच्चे बराबर अनुपस्थित रह रहे हैं, उनके अभिभावकों से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया जाता है। उसके बाद डीईओ ने कहा कि दूरभाष से सम्पर्क करने पर भी उपस्थिति नहीं बढ़ रही है तो प्रभारी प्रधानाध्यापक शिक्षकों की टोली बना कर विभिन्न गावों का भ्रमण करें और अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए कहें। विद्यालय में पिछले एक माह से विद्युत आपूर्ति और छः माह से जल आपूर्ति बाधित होने और विद्यालय की चहारदीवारी और शिक्षण कक्ष सहित आधारभूत आवश्यकता की पूर्ति की बात रखी तो उन्होंने प्रभारी कमरों और चहारदीवारी का व्यय स्टीमेट बना कर कार्यालय को भेजने को कहा।



### अत्यधिक दोस्त और मोबाइल से दूर रहें: डीइओ

शिक्षकों से मिलने के बाद सभी कक्षा के बच्चों से मिले और उनसे संवाद किया। उन्होंने बच्चों से कुछ प्रश्न भी किया। जबाब मिलने पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा जबाब न मिलने पर चाक-डस्टर लेकर उसे समझाया। उन्होंने कहा कि बच्चों यही पढने का समय है खूब पढ़ें और समझें। यदि समझ में नहीं आ रहा है तो शिक्षकों से सहयोग लें। अत्यधिक दोस्त और मोबाइल से दूर रहें। इस पढाई के समय में अत्यधिक मोबाईल का प्रयोग आपको विफल बना देगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक फिरोज आलम, सुभाष शुक्ला, अभिषेक शुक्ल, अच्छेलाल प्रजापति, प्रदीप राम, राहुल रंजन, फैजूर रहमान, संजय कुमार, अमित ज्योति, रितेश कुमार दूबे, सिन्धु मेहता, शिल्पी सोनी जमील अहमद, जय प्रकाश पौराणिक और आनन्द कुमार सहित किरानी विजय मित्रा व आदेशपाल बिन्दू राम उपस्थित पाए गये।

## न्यूज बॉक्स

### बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय में अभिभावक एवं शिक्षकों की हुई बैठक

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को राजकीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय केजी स्कूल में अभिभावक, शिक्षक एवं छात्रों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार दुबे ने की। बैठक के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में नीरज कुमार उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के महत्व एवं अधिकारों पर चर्चा करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठित समिति में 18 सदस्य शामिल हैं। इस समिति के अध्यक्ष के रूप में अभिभावकों के बीच से जिलानी फैयाज को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य समिति के पदेन सचिव होते हैं, अतः इस समिति के सचिव आशीष कुमार दुबे बनाये गए। समिति का उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से सविता कुमारी को बनाया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति में बच्चों के प्रतिनिधि के रूप में 12वीं कक्षा की छात्रा नौशिन खलिस को शामिल किया गया है। ज्ञात हो कि नौशिन खलिस बाल संसद सदस्य भी है। पुनर्गठित विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जिलानी फैयाज ने कहा कि यह समिति शिक्षा को सुचारू रूप से चलने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। शिक्षक एवं अभिभावक दोनों मिलकर शिक्षण व्यवस्था के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती प्रदान करेंगे। बैठक में 50 से अधिक अभिभावक एवं सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

### रेलवे क्लब में स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**मेदिनीनगर।** 15अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्थानीय रेलवे क्लब में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसके तहत राष्ट्रगान के साथा कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। बारह बजे से नर्सरी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए रंग भरो और प्रथम व द्वितीय कक्षा के बच्चों के लिए चित्रकला तथा तीसरी से दसवीं कक्षा के बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावे । आउट डोर गेम की तहत महिलाओं के लिए चम्मच में नींबू दौड़, बिना देखे पीछे की तरफ बॉल फेकना एं पार्टनर द्वारा बॉल कैच करना। साथ ही महिलाओं और पुरूषों के लिए मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा। साथ ही चित्र को बिना देखे पार्टनर के इशारों से चित्र को पहचाना और भाषण और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण हो जायेगा।

### एमके.डीएवी में हिंदी शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**मेदिनीनगर।** 13 अगस्त 2024 को एमके.डीएवी.पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में हिंदी शिक्षक मनोज कुमार दुबे को अवकाश प्राप्त होने पर भावपूर्ण विदाई दी गई ।मनोज कुमार दुबे 31 जुलाई को अपनी सेवा पूर्ण कर अवकाश प्राप्त कर लिए थे । मंगलवार को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी गई। विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी.एन खान ने बताया कि दुबे ने इस विद्यालय में 29 वर्षो की महत्वपूर्ण सेवा देकर अवकाश प्राप्त किया। दुबे जी नियमित एवं उच्च कोटि के हिंदी शिक्षक थे। उन्होंने अपने शिक्षण काल में कभी भी, किसी भी तरह की त्रुटि नहीं की। वे बच्चों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय रहे। मनोज कुमार दुबे ने कहा कि मैंने इस विद्यालय में 29 वर्ष सेवा देकर जो प्रतिष्ठा प्राप्त किया है, वही मेरी असली पूंजी है। बच्चों का सम्मान प्रदर्शन मुझे आगे के जीवन में संबल प्रदान करेगा। श्री दुबे जी ने बच्चों को 'मैं तेरे दर से चला जाऊंगा' कविता सुनकर भाव विभोर कर दिया । श्री दुबे जी के सम्मान में विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा कनिष्का राज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं मनोज कुमार दुबे जी को अपना प्रिय शिक्षक बताया । इस अवसर पर शिक्षक आलोक कुमार, चंद्रशेखर पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव,अंबरीश कुमार पांडे, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा, सुश्री अनु चक्रवर्ती उपस्थित थीं।

### डीसी व एसपी ने परेड पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण, राष्ट्रध्वज को दी गई सलामी



**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर 15 अगस्त को पलामू जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन स्टेडियम में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। यहां प्रातः 9:05 बजे मुख्य झंडोत्तोलन किया जायेगा। समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह को लेकर जवानों ने परेड का पूर्वाभ्यास किया जो मंगलवार को संपन्न हो गया।प रेड पूर्वाभ्यास के अंतिम दिन स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में उपायुक्त श्री शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। उपायुक्त शशि रंजन ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान डीसी व एसपी ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्य समारोह के दिन समय पर उपस्थित होने और एहतियात बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने पलामूवासियों को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर-घर तिरंगा अभियान में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार व नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मेदिनीनगर में मंगलवार के शाम हुई झमाझम बारिश, मौसम हुआ सुहाना



**मेदिनीनगर।** झारखंड में मानसून कमजोर पड़ने के बाद एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। मंगलवार की शाम पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में एक घंटे तक जमकर बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी जो जहां मौजूद था, वहीं अपने छुपने की जगह देखने लगा। बारिश होने की वजह से जहां जेलहाता में पानी पूरी इलाके में भर गया। वहीं बाजार क्षेत्र में बारिश होने के कारण सब्जी विक्रेताओं को खासी परेशानी हुई। अक्सर लोग शाम में ही बाजार में सब्जी एवं अन्य खरीदारी करने निकलते हैं। अचानक हुई बारिश की वजह से हालांकि तापमान में काफी गिरावट आई है।

## एक नजर

### सर्प दंश से युवती जख्मी

**गढ़वा।** उतर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र के बागेसोती गांव निवासी सोभ नाथ राम की पुत्री 17 वर्षीय पुत्री चंदा कुमारी सांप काटने से जख्मी हो गयी है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** पलामू जिला के पंड़वा थाना क्षेत्र के बह्ममोरिया गांव निवासी संजय बैठा का पुत्र राकेश कुमार मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहा उसका इलाज चल रहा है। संजय गढ़वा से अपने घर जा रहा था।

### युवक ने कीटनाशक दवा खाया



**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेस्का गांव निवासी सदाबृज भुइयां का पुत्र 30 वर्षीय पुत्र पिंटू भुइयां कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अकेलवा जंगल से मिले कंकाल का पुलिस ने किया उद्भेदन

# प्रेम प्रसंग में प्रेमी ने की थी प्रेमिका की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार




**बेटी ने बताया कि 5 अगस्त को उसकी मां को दोपहर में अब्दुल खान के साथ अंतिम बार देखा गया था**

**मृतका की बेटी ने हाथ में गोदना, कपड़ा, चप्पल से की मां की पहचान**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस ने भंवरिया के अकेलावा जंगल से मिली कंकाल का उद्वेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी स्वर्गीय नसरुद्दीन खान का पुत्र अब्दुल खान उर्फ लेदु खान को पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। पुलिस ने उसके घर से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को अपने कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 11 अगस्त के सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि वनसानी पंचायत के भुइयां टोला स्थित भंवरिया टोला के अकेला जंगल में एक मानव कंकाल बरामद किया था। पुलिस ने सत्यापन के क्रम में पाया गया कि मानव कंकाल के पैर में मांस एवं चमड़ी बचा हुआ है। उसके हाथ में गोदना का निशान व उसका कपड़ा, चप्पल पड़ा हुआ है। इस क्रम में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनसानी गांव के भुइयां टोला निवासी सत्येंद्र भुइयां की पुत्री मीरा देवी ने गोदना साड़ी एवं चप्पल को देखकर अपनी मां समीत्री देवी के रूप में पहचान किया गया। उन्होंने बताया कि उसकी मां समित्री देवी 42 वर्ष को 5 6 वर्ष से अब्दुल खान उर्फ लोदू खान के साथ प्रेम प्रसंग था। उन्होंने बताया कि उसकी बेटी ने बताया कि 5 अगस्त को उसकी मां को दोपहर में उसी के साथ अंतिम बार देखा गया था। इसके बाद पुलिस ने उसके बेटी के बयान पर 11 अगस्त को बीएनएस अंकित करते हुए एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर अनुसंधान शुरू कर दिया था। त्वरीत कार्रवाई करते हुए अब्दुल खान को गिरफ्तार कर उसे पूछताछ किया गया। उसने इस कांड में अपनी संलिप्ता को स्वीकार कर लिया। अब्दूल खान ने अपनी स्वीकारोक्ती में बताया कि वह कबाड़ी खरीदने व बेचने के क्रम में 5, 6 वर्ष पूर्व समित्री देवी से उसकी जान पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम हो गया था। मृतिका का पति बाहर में मजदूरी करता है। 5 अगस्त के दोपहर में जब वह मृतका के घर गए तो उसे कन्हाई सिंह के साथ देख लिया था। इसके बाद अब्दुल खान इस गांव के संत पासवान के घर में शराब पी रहा था। वहां मृतिका समित्री देवी भी आ गई व उसके साथ शराब पी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों शराब पीकर जंगल के रास्ते जाने के दौरान दोनों के बीच आपस में विवाद हो गया। इसके बाद अब्दुल खान ने समित्री देवी को पटक कर गला दबाकर हत्या कर शव को वहीं सुनसान जंगल में झाड़ियां के बीच छोड़कर अपने घर नगर ऊंटरी भाग गया। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य नायक, खरौंधी थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, रजनी रंजन, पुलिस निरीक्षक प्रदीप उरांव, नारायण प्रसाद, निरंजन प्रसाद शर्मा, भवनाथपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### जलयात्रा में मारपीट के बाद सात पर नामजद प्राथमिकी

मेराल प्रखंड के चामा गांव में जलयात्रा जुलूस में मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर मेराल थाना में सात लोगों के विरुद्ध नामजद तथा एक दर्जन से ऊपर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर दुलदुलवा गांव स्थित नर्मदेश्वर मंदिर के अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी व ग्रामीणों द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। आवेदन के अनुसार सोमवार के दिन दुलदुलवा गांव से सोमवारी पर्व को लेकर कलश यात्रा दानरो नदी पेशका के लिए श्रद्धालु द्वारा निकाला गया था। कलश यात्रा में जल लेकर जय श्री राम एवं जय भोलेनाथ का जयकारा के साथ महिला पुरुष लौट रहे थे। इस बीच कलश लेकर श्रद्धालु चामा गांव स्थित मुस्लिम टोला से गुजर रहे थे। इस बीच दीलदार अंसारी के घर के पास समुदाय विशेष के लोग लाठी डंडे, टांगी के साथ गाड़ी रोकने, मारपीट करने का आरोप है। मारपीट में दीलदार अंसारी, आलमगीर अंसारी,परवाना अंसारी, इमरान अंसारी, हबीब अंसारी, मुन्ना अंसारी इत्यादि का नाम शामिल है। आवेदन में उल्लेख है कि इमरान अंसारी द्वारा टांगी लेकर हमला किया गया था। जिससे कई श्रद्धालु चोटिल हो गए। घटना के सूचना के बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थिति को काबू में किया। इसके बाद देर रात ग्रामीणों के आवेदन पर नामजद एवं अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में जांच के बाद दोषि लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

## न्यूज बॉक्स

### विश्वास से हर दिन बढ़ रहा है झामुमो परिवार : मंत्री

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेंद्र राम सोमवार को अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया। साथ ही ग्राम महुलिया व गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13, 14 के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हो गये। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। मौके पर उन्होंने कहा कि जन-जन के विश्वास से झामुमो परिवार हर दिन बढ़ रहा है। पार्टी में शामिल होने वाले सभी का अभिनंदन एवं स्वागत है। विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों व राज्य में चलायी जा रही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर गढ़वा की हरेक गांव के काफी संख्या में लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के विकास कार्यों से एक ओर जहां जनता का रूझान झामुमो की ओर बढ़ रहा है। जनता का कभी खोज खबर नहीं लेने वाले लोग अब चुनाव के समय जनता के बीच अपनी झूठ फरेब की सौगात के साथ भटकते नजर आ रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से नागेंद्र कुमार भुइयां, अनिल कुमार भुइयां, श्री प्रसाद, सुरेंद्र भुइयां, बीरबल भुइयां, राजधानी भुइयां, उदेशी भुइयां, जहीर अंसारी, राजू चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, राजबलि मेहता, सुरेश मेहता, कमलेश राम सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, शरीफ खां, आशिश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डाक विभाग ने मंत्री को तिरंगा भेंट किया



**गढ़वा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाक विभाग के अधिकारियों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर तिरंगा भेंट किया। मंगलवार को डाक विभाग मेदिनीनगर के अधिकारी मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचे। मंत्री ने अधिकारियों से सम्मानपूर्वक तिरंगा ग्रहण किया एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। तिरंगे की शान को बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, शरीफ खां, आशिश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सरकार गरीबों को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही: पूर्व विधायक

**खरौंधी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नारी सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर है। परिणामस्वरूप, छात्राओं को शिक्षा में मदद के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से कक्षा 8 से लेकर स्नातक तक की छात्राओं को सरकार 40 हजार रुपए तक का सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उक्त बातें मंगलवार को झामुमो झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने खरौंधी प्रखंड के भ्रमण के दौरान कहीं। वे मझिगावां,खरौंधी चन्दनी सहित सभी पंचायत सचिवालय मे मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने आई महिलाओं से मिलकर उनका हाल जाना एवं सरकार के महत्वपूर्ण योजना की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सकरार ने वृद्धा पेंशन की उम्र सीमा को कम करते हुए 50 वर्ष के ऊपर की सभी महिलाओं को वृद्धा पेंशन से हर माह 1000 का सहयोग देने की घोषणा की है। मातृत्व अवकाश को बढ़ाते हुए राज्य सरकार 2 वर्ष कर दिया है। इसका लाभ अब संविदा पर नौकरी कर रही महिलाओं को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। अबुआ आवास एवं पशुधन योजना में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार अति महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के लिए 21 वर्ष से 49 वर्ष की महिलाओं को इस योजना के लाभ के लिए आवेदन ले रही है। सुदरवर्ती क्षेत्रों में इंटरनेट और नेटवर्क की समस्या के कारण ऑफलाइन आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से जब एक घर में रहने वाली सभी महिलाओं को इसका लाभ मिलने लगेगा तो उन्हें बच्चों की पढ़ाई तथा घर खर्च के लिए अहम सहयोग प्राप्त हो जाएगा। उन्होंने प्रज्ञा केंद्र संचालक से भी आवश्यक जनकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर झामुमों नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, झामुमो नेता हिफाजत अंसारी,राकेश उरांव,जाकिर हुसैन,सतीश राम,विजय मेहता,अजित यादव,सतेंद्र बैठा,रवि हुसैन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने सदर अस्पताल के कैदी वार्ड का सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**खिड़की, दरवाजे में ग्रिल लगाकर सुरक्षा को किया जाएगा चाक-चौबंद**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में बीमार कैदियों के लिए बने वार्ड का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार भी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने सदर अस्पताल के पुराने भवन में बने कैदियों के इलाज के लिए बने वार्ड की पूरी व्यवस्था के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर कैदियों के इलाज के लिए बने वार्ड का निरीक्षण किया गया है। इसमें सुरक्षा के दृष्टिकोण से कमरे में कुछ कमियां हैं, जिसे दुरुस्त कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग को कहा गया है। उन्होंने कहा कि कैदियों कि सुरक्षा में पुलिस बल भी रहता है। पुलिस बल को भी अलग रहने की व्यवस्था किया जाएगा, जिससे बीमार कैदियों केअत्यधिक निकट रहने के कारण पुलिस के जवान भी संक्रमित न हो जाएं। मौके सिविल सर्जन डा.अशोक कुमार ने कहा कि मंडल कारा से आने वाले बीमार कैदियों को भर्ती कर इलाज करने की व्यवस्था के साथ सुरक्षा इंतजाम भी जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने वार्ड की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर खिड़की व दरवाजे के साथ ही बरामदे में भी ग्रिल लगाने का सुझाव दिया गया है। एक सप्ताह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर सदर अस्पताल के सहायक बिमलेश कुमार एवं कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण

# बिना शिक्षा के समाज का विकास नहीं हो सकता: मिथिलेश ठाकुर




**'आने वाली पीढ़ी की दशा और दिशा तय करेगा'**

महारानी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि है और आज ही के दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण हुआ। यह आने वाला पीढ़ी को दशा और दिशा तय करेगा। इस तरह के प्रतिमा बनने से आने वाला पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानी और देश के वीरांगनाओं के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि पाल समाज के लोगों ने कई अन्य मांगों को भी रखा है।

नवीन मेल संवाददात

**गढ़वा।** पाल महासंघ के तत्वावधान में चिनिया मोड़ पर नवनिर्मित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, युवा समाजसेवी राकेश पाल ने संयुक्त रूप से किया। उसके बाद नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय भवन में आयोजित समारोह का उद्घाटन उन्होंने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी के बारे में जानकारी दी गई। उसके साथ ही महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर लिखी गई पुस्तक का भी विमोचन किया गया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पाल महासंघ ने महारानी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा लगाने की मांग किया था। महासभा की मांग पर आज महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा बनाकर तैयार हो गया। जिसका आज अनावरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के समाज का विकास नहीं हो सकता है। अपने आने वाले पीढ़ी को बेहतर शिक्षा दें। तभी समाज का संपूर्ण विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर जैसी विरागना किसी जाति धर्म की नहीं होती। मौके पर समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित करना पाल समाज के लोगों के लिए एक सपना था। जो स्थानीय विधायक सह मंत्री के प्रयास से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज के लोगों को संगठित होने की जरूरत है। कभी पाल समाज को खाना बदोस समझा जाता था। लेकिन आज समाज के लोग शिक्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज विधानसभा में हमारे समाज से कोई नहीं है। लेकिन स्थानीय विधायक सह मंत्री से समाज के लोगों को समय-समय पर सहयोग मिलता रहा है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल, सचिन रमेश कुमार पाल, विवेकानंद पाल, आदि मौजूद थे।

## महीनों से सोनेहारा-रमना मुख्य पथ पर जल जमाव, लोगो की परेशानी बढ़ी



नवीन मेल संवाददाता

**रमना ।** राहगीरों, दुकानदारों व वाहन चालकों के लिए मुशीबत बना गया है मुख्य पथ पर जल जमाव रमना - सोनेहरा मुख्य सड़क। पीपलतर हीरा सेठ के घर के पास मुख्य सड़क पर बर्षा के पानी का कहीं भी निकासी नहीं होने के कारण जल जमाव हो गया है। इससे छोटे दुकानदारों, राहगीरों, वाहन चालकों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। जल जमाव के कारण बरसाती बीमारी होने का खतरा दुकानदारों, राहगीरों को सता रहा है। इतना ही नहीं किसी दिन इस जलजामाव से भयंकर दुर्घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। मुख्य सड़क पर जलजामव से इस जगह के छोटे दुकानदारों कि रोजी-रोटी प्रभावित हो रहा है। सड़क पर काफी दिनों से जल जमाव से पानी दूषित होकर बदबू देने लगा है। चुकी दूषित जल से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे डेंगू, मलेरिया जैसे बीमारियों का खतरा राहगीरों, ग्रामीणों, दुकानदारों को हो सकता है। यदि जल निकासी का समुचित प्रबंध जल्द ही नहीं किया गया तो इस क्षेत्र में मच्छर से होने वाले बीमारी से सैकड़ों लोग प्रभावित हो सकते हैं। इस पथ से हर क्षेत्र के लोगो का आना-जाना रहता है। यहां टेम्पू स्टैंड है, जिससे काफी भीड़ लगा रहता है। दूषित पानी से संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। इस स्थान से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए छोटी-छोटी गाड़ियां चलती है। जल जमाव का खबर इस दैनिक समाचार पत्र में गत सप्ताह प्रमुखता से छपा था लेकिन अभी तक लोगो को इस समस्या से छुटकारा नहीं मिला है।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर होने वाले परेड का उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

# परेड में आठ टुकड़ियों ने लिया भाग



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह में होने वाला परेड व राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेये द्वारा निरीक्षण के बाद सम्पन्न हुआ। परेड में कुल आठ टुकड़ी भाग लिए। उनमें हरि राम जाट के नेतृत्व में सीआरपीएफ, एसआई, सदानंद झा के नेतृत्व में जिला सस्त्र बल, गृह रक्षा वाहिनी कमान एसआई प्रकाश लकड़ा एसआई एस बेलचम्पा कमान बबलू कुमार एनसीसी नामधारी कमान सूरज कुमार तिवारी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गढ़वा कमान रूबी कुमारी, आरके पब्लिक स्कूल कमान अभिषेक कुमार पाल, ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा कमान नीलेश पांडये, राष्ट्रगान में दो टीम चयनित हुए है। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल की छात्राएं व संगीत कला महाविद्यालय की छात्राएं ज्योति कुमारी, प्रियंका कुमारी, वैष्णवी कुमारी, वारिधि सिंधु, परिधि कुमारी, खुशी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, नेहा कुमारी, मुस्कान पांडये, मधु कुमारी, उज्जवला कुमारी, कोमल कुमारी, मुस्कान कुमारी, सौम्या कुमारी, अंजली कुमारी, अमिता कुमारी, ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों द्वारा बेस ड्रम बैंड जिसमे सीटू पाल, आर्य केशरी,अमित कुमार, सिद्धान्त कुमार,गोविंद केशरी, भाष्कर तिवारी ने अपनी प्रस्तुति दिया। बिगुल धुन पर नीलेश सोनी, परेड का प्रथम कमान सार्जेंट मेजर संदीप कुमार व द्वितीय कमान सार्जेंट पंकज कुमार भारती ने बहुत ही खुबसूरत तरीके से परेड का कमान किया। राष्ट्रगान बैंड बिगुल धुन संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में मनमोहक तरीके से प्रस्तुत कराया गया। परेड में उपस्थित सभी टुकड़ी राष्ट्रगान बैंड सभी लोगो के लिए जलपान की व्यवस्था यूनियन बैंक,बैंक ऑफ इंडिया,पंजाब नेशनल बैंक के तरफ अच्छे तरीके से कराया गया। मौके पर डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा,अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, एनडीसी धीरज कुमार, डीएसपी नीरज कुमार, इंजीनियर प्रेम लाल सिंह, सीओ मोहम्मद सफी आलम, बीडीओ कुमार नरेन्द्र नारायण, डीईओ राम गोपाल पांडये, डीसीएलआर रविश राज सिंह, एमपी केशरी,दया शंकर गुप्ता व जिला के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्कूलों का चयन

**गढ़वा।** स्वतंत्रता दिवस पूर्वसंध्या में होनेवाला सांस्कृतिक कार्यक्रम का पूर्वाभ्यास सम्पन्न हो गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम 10 अगस्त से शुरू हुआ था। 18 स्कूल भाग लिए थे। 13 अगस्त के चयन में डीईओ सफी आलम द्वारा 11 कार्यक्रम का चयन किया गया। नृत्य में सेंट्रल स्कूल, कस्तूरबा गांधी, बीएसकेडी स्कूल, एएसडी प्ले स्कूल, ब्राइट फ्यूचर स्कूल, गीत में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा, शांति निवास ऊंच विद्यालय, गर्ल हाई स्कूल, ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा, केंद्रीय विद्यालय गढ़वा, सीपी मेमोरियल स्कूल को चयनित किया गया। चयनित स्कूल द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को शाम 6 बजे से नगर भवन (टाउन हॉल) में प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम पूर्वाभ्यास की सारी तैयारी जिला शिक्षा पदाधिकारी के देखरेख में संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। पूर्वाभ्यास के दौरान ढोलक पर संजय कुमार, पैड पर सुधांशु कुमार ने बहुत सुंदर तरीके बच्चों के साथ ताल मेल बना कर हर गीत को सजाया। मौके पर ज्ञान निकेतन के निदेशक एमपी केशरी,अशोक विश्वकर्मा, रीना चंद्रवंशी, बसंत कुमार शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## पुलिस ने जब्त की अवैध बालू लोड ट्रैक्टर, प्राथमिकी दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** पुलिस ने सोमवार की रात्रि अवैध बालू माफिया के विरुद्ध छापामारी कर खाला स्कूल के नजदीक से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर पुलिस अवैध बालू के विरुद्ध लगातार छापामारी कर रही है। इस क्रम में गुप्त सूचना पर खाला स्कूल के नजदीक बेचने के लिए एक ट्रैक्टर में बालू लोड किया जा रहा था। सूचना के सत्यापन के बाद एक ब्लू रंग का यूरो 42 ट्रैक्टर में बालू लोड पकड़ा गया। बालू लोड करने वाले मजदूरों ने पुलिस को अपनी ओर आते देख भाग गए, इसके बाद पुलिस उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई। जिला खनन पदाधिकारी गढ़वा के लिखित शिकायत पर उक्त ट्रैक्टर के चालक व मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी ने बताया धुरकी थाना क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध बालू के कारोबार नहीं चलने दिया जायेगा। छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।

### भाजपा ने निकाला तिरंगा यात्रा

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक श्री रामचंद्र चंद्रवंशी के पुत्र ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ कृष्ण चंद्रवंशी ने प्रखंड क्षेत्र के मुखदेव 10 प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान से भव्य तिरंगा यात्रा निकाला। तिरंगा यात्रा मुख्य बाजार से शुरू होकर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 खजूरी में समापन किया गया। हर घर तिरंगा यात्रा लगाने को लेकर अभियान चलाया गया। तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, उर्मिला चंद्रवंशी ने तिरंगा झंडा दिखाकर तिरंगा जुलूस यात्रा को रवाना किया। भोला चंद्रवंशी ने हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के दौरान लोगों को हर घर तिरंगा झंडा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा लगाने से राष्ट्र के प्रति प्रेम बढ़ेगा व राष्ट्र को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने देश के प्रति अपने जान को कुर्बान करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया। तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता मारुत नंदन सोनी, कमलापुरी, सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## एक नजर

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र के खुशियाला गांव निवासी हत्या मामले में फरार अभियुक्त विजय गंझू पिता फागन गंझू एवं यूगेश गंझू पिता मालू गंझु के घर न्यायालय के आदेश पर कुन्दा पुलिस ने इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में हाजिर होने निर्देश दिया। ज्ञात हो कि हत्या मामले को लेकर फरार अभियुक्त के खिलाफ कुन्दा थाना में प्राथिमिकी तर्ज है। इस कांड में फरहार चल रहे वीरेंद्र गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी अभियुक्त थाना क्षेत्र के खुशियाला गांव के रहने वाले हैं। इस कार्रवाई में कुंदा थाना पुअनि अनशेवर सिंह,जयकुमार सिंह, थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

### बज्रपात से युवक की मौत

**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार दोपहर को अचानक हुई बारिश के दौरान वज्रपात होने से खेत में काम कर रहे हैं युवक की मौत हो गई। युवक कुंदा थाना क्षेत्र के अमौना गांव निवासी राजेश्वर यादव का बिसवर्सिय पुत्र गणेश कुमार यादव था। मिली जानकारी के अनुसार गणेश कुमार यादव अपने खेत में काम कर रहा था। इस दौरान वज्रपात की चपेट आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने उसे उठाकर कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रतापपुर स्वास्थय केंद्र भेज दिया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव,ग्रामीण आदित्य यादव समेत अन्य अस्पताल पहुंचे। मुखिया प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग स्थानीय प्रशासन से की है।

# विस चुनाव को लेकर नक्सली मूवमेंट पर मंथन, अन्तरराज्य स्तरीय पुलिस की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में झारखंड, छतीसगढ़ के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सूचनाओं के अदान-प्रदान, आपसी तालमेल और अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। साथ नक्सली मूवमेंट, शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं का अदान प्रदान को लेकर भी चर्चा की गई। सीमावर्ती क्षेत्र में चेकनाका लगा समय समय पर आपसी समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में एसडीपीओ हिमांशु चन्द्र मांझी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी। सीमा पर कई चेक पोस्ट बनाए जाएंगे, जिसके लिए महत्वपूर्ण जगहों का चयन किया जाएगा। हथियार समेत अन्य तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की गई है। बैठक में छतीसगढ़ के वरीय अधिकारी समेत सामरी, कुसमी, करोंधा थाना इंचार्ज थाना प्रभारी अवनीश कुमार मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त ने की ऑनलाइन बैठक

### शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को अच्छादित करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जिले अंतर्गत शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को अच्छादित करने के उद्देश्य से प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर संचालित कार्यों के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर एंट्री, लंबित आवेदनों की संख्या की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजना का लाभ लाभुकों को देने की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया। पंचायत स्तरीय शिविर के माध्यम से प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में सबसे कम प्रगति वाले प्रखंडों के ऊपर उपायुक्त द्वारा असंतुष्टी प्रकट करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी महुआडांड़, प्रखंड विकास पदाधिकारी बरियातु 24 घंटे के अंदर कार्यो में प्रगति नहीं लाने पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप फार्म प्राप्त करने और उसका ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21-50 वर्ष की सभी माताओं, बहनों को मंईयां सम्मान योजना का लाभ ससमय मिल सके, इसके लिए सभी मिलकर कार्य करें। किसी भी तरह की तकनीकी समस्या आने पर जिला स्तर पर संबंधित पदाधिकारी से संपर्क स्थापित करते हुए इसका त्वरीत निदान करें। छूटे लाभुकों का आवेदन प्राप्त कर योजना से अधिक से अधिक लाभुकों को लाभान्वित करें। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग प्रभात रंजन चौधरी, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यालय का जमीन अतिग्रमण को लेकर सीओ, बीईईओ को सौंपा ज्ञापन

**बारियातु।** प्रखण्ड क्षेत्र के बारियातु पंचायत अंतर्गत ग्राम गाड़ी (लोदमदाग) स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के जमीन पर विद्यालय के शिक्षक मुनेश्वर उरांव द्वारा जबरन कब्जा करने के संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पत्र सं पा। आवेदन के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति व ग्रामीणों ने बताया कि उक्त विद्यालय के लिए सर्वसमिति सें खाता नंबर 278 प्लॉट नंबर 2316 रकबा 20 डिसमिल जमीन बालेश्वर उरांव पिता स्वर्गीय परमेश्वर उराव व मुनेश्वर उरांव पिता बादों उरांव द्वारा जमीन दिया गया। जिसमें एक पक्ष बालेश्वर उरांव द्वारा जमीन पर विद्यालय का जमीन होने का प्रमाणित कर रहे हैं। जबकि दूसरा पक्ष मुनेश्वर उरांव विद्यालय के जमीन पर जबरन घर बनाना चाहते हैं, जबकि जमीन देने के एवज में ग्रामीणों ने मुनेश्वर उरांव को शिक्षक बनाया था। मुनेश्वर उरांव ही जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी राम व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र सिंह ने विधि संगत करवाई करने की बात कही है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रवण उरांव, सनिचरिया देवी, अनीता देवी, प्रीतम उरांव, साधो देवी, राजमणि देवी, राजकुमार उरांव, धनु उरांव, मुलिया देवी, रिंकू गंझु, शांति देवी, सहित काफी संख्या मे ग्रामीणों मौजूद थे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को जिला खेल स्टेडियम में गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जायेगा। उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले झंडोत्तोलन-राष्ट्रगान, परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर व सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया। स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत परेड का आज अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान सभी का उत्साहवर्धन किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने समारोह स्थल में बैठने की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक निर्देश दिया। 15 अगस्त को प्रातः 09.05 बजे लातेहार विधायक सह मंत्री बैद्यनाथ राम द्वारा जिला खेल स्टेडियम में झंडोत्तोलन किया जायेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अहारो नदी में डूबने से दो चचेरे भाई की मौत

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र में नदी में नहाने के दौरान दो चचेरे भाई डूब गए। इनमें एक मोहम्मद शाहबाज अंसारी का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरा युवक फरहान अंसारी लापता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर दूसरे युवक को खोजने का प्रयास कर रहे हैं। बता दें कि मंगलवार को बालूमाथ के जिपुआ गांव निवासी चचेरे भाई फरहान और शाहबाज दामोदर नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान ही दोनों युवक गहरे पानी में उतर गए और नदी के तेज बहाव के कारण बने गढ़े में बह गए। घटना के बाद नदी के किनारे उपस्थित कुछ लोगों ने जब शोर मचाया तो बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर नदी में डूबे युवकों की खोजबीन आरंभ कर दी। ग्रामीणों ने इस दौरान घटनास्थल से थोड़ी दूर पर मोहम्मद शाहबाज का शव बरामद कर लिया, जबकि दूसरे युवक की तलाश जारी है। घटना की जानकारी मिलते हैं स्थानीय थाना पुलिस ने दूसरे लापता युवक को पानी से खोजने के लगातार प्रयास कर रही है। खबर लिखे जाने तक दूसरा युवक को पानी से निकाला नहीं गया है। इस घटना के बाद आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पुस्तक चयन समिति की बैठक



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पुस्तक चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के लिए विद्यालयवार प्राप्त आवंटन के अनुसार पुस्तकों की सूची तैयार करने, पुस्तक मेला के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने चयन हेतू स्क्रूटनी करने के लिए एक कमेटी का गठन करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू , एडीपीओ, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर होगा फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**बारियातु।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थिति अंबेडकर क्लब मकरा, ब्रम्हादेवता द्वारा 15 अगस्त के मौके पर तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस संबंध में कमेटी के सचिव भोला राम ने बताया कि खेल में कुल 32 टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता 15 अगस्त से प्रारंभ की जाएगी। इसमें प्रवेश शुल्क 999 रूपया निर्धारित किया गया है। भाग वाली टीम फोन पे नम्बर 8489 436785 पर प्रवेश शुल्क पेमेंट करके प्रवेश ले सकती है। पुरुस्कार के रूप मे प्रथम पुरुस्कार दो खस्सी प्लस ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार खस्सी प्लस ट्रॉफी, तृतीय पुरुस्कार खासी प्लस ट्रॉफी, चतुर्थ पुरस्कार खस्सी प्लस ट्रॉफी से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। फाइनल का मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज भी दिया जाएगा।




## एक नजर

### विधायक प्रतिनिधि को दिया तिरंगा झंडा



**लोहरदगा।** ग्रामीण डाक सेवक गुमला डिविजन के अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विधायक रामेश्वर उरांव सह मंत्री के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल से मुलाकात किया और कांग्रेस मुख्यालय लोहरदगा में तिरंगा झंडा देकर सम्मानित किया।

### कैरो में जलजमाव से नारकीय स्थिति उत्पन्न



**कैरो / लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखण्ड मुख्यालय पर हो रहे जलजमाव से नारकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह मार्ग पर रोजाना सैकड़ो बच्चों का स्कूल आवागमन का मुख्य मार्ग है। बावजूद सड़क की हालत आप देख सकते है।सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है। सड़क दुर्घटना आम बात हो गई है।

### भाजपा महिला मोर्चा उपायुक्त को सौंपेगा ज्ञापन पत्र

**गुमला।** राज्य सरकार के महिला विरोधी' उत्पीड़न' बलात्कार'महिलाओं के साथ हो रहे धोखाधड़ी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा शहर के मुख्य मार्ग में आक्रोश प्रदर्शन कर उपायुक्त कार्यालय तक जाएगी। इसके लिए गुमला उपायुक्त को पत्र के माध्यम से सूचना दी गई है। वही 14 अगस्त 1947 को देश की माटी का बंटवारा किया गया था।

### चौकीदार नियुक्ति को होगी लिखित परीक्षा

**गुमला।** गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदारों की नियुक्ति हेतु कुल 226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 18 अगस्त को लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले योग्य उम्मीदवारों की सूची पर अपलोड कर दी गई है जहां से उम्मीदवार अपने नाम का मिलान भी कर सकते हैं। इस दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा सभी उम्मीदवारों से अपील की गई है कि आप अपना प्रवेश पत्र दिनांक 14 अगस्त तक अपने संबंधित प्रखंड/ नगरपालिका/ से प्राप्त कर सकते है। अब तक अधिकांश उम्मीदवारों ने अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लिया है, शेष बचे उम्मीदवार भी अपना प्रवेश पत्र जल्द ही प्राप्त कर लें। 14 तारीक तक यदि उम्मीदवार अपने प्रखंड/ नगर पालिका से एडमिट कार्ड नहीं प्राप्त कर पाएंगे तो उम्मीदवार 16 एवं 17 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित सामान्य शाखा से अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण सह जगरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा विकसित 109 किस्मो के महत्व को किसानों तक पहुंचना है ' इस कार्यक्रम के अध्यक्षता विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने की। उन्होंने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि इन नई किस्म से बदलते हुए मौसम से लड़ने की क्षमता ज्यादा है जो की आने वाले दिनों में किसानों को ज्यादा लाभ देने में सक्षम हो सकेगी।

# उपायुक्त ने किया फुलड्रेस परेड रिहर्सल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
स्वतंत्रता दिवस 2024 के दिन होने वाले परेड का फाइनल रिहर्सल आज बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम के मैदान में किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर साथ में डीएसपी मुख्यालय, लोहरदगा भी परेड निरीक्षण में शामिल हुए। परेड में जिला आरक्षी बल, गृह रक्षा वाहिनी, सहायक पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां शामिल हुईं। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होनेवाले मुख्य कार्यक्रम में राज्य के योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजकर 05 मिनट पर बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम स्थल पर ध्वजारोहण किया जायेगा।

**15 अगस्त 2024 को होने वाले कार्यक्रम**

प्रातः 7.45 बजे उपायुक्त आवास परिसर में उपायुक्त द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके बाद जिले के पदाधिकारियों द्वारा प्रातः 8 बजे से 8.45 बजे तक जिले में स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण किया जायेगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव द्वारा 9 बजकर 05 मिनट पर बी एस कॉलेज स्टेडियम में ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य अतिथि का मुख्य समारोह के लिए स्टेडियम में आगमन सुबह 08.50 बजे होगा। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, माननीय मंत्री का अभिभाषण होगा। माननीय मंत्री के अभिभाषण के ड्रिल व कराटे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत मे पारितोषिक/प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिह्न का वितरण किया जाएगा।

**महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण**

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, समाहरणालय परिसर एवं शंख नदी के पास भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

# भैरव सिंह बने गुमला किसान मोर्चा के अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार प्रदेश किसान मोर्चा के संगठन का कमेटी विस्तार किया गया है। इसमें गुमला जिला से पार्टी के वरिष्ठ नेता भैरव सिंह खेरवार को गुमला जिला किसान मोर्चा का अध्यक्ष, पूर्व में पलामू प्रमंडल के सह प्रभारी रहे मंगल सिंह भोक्ता को प्रमंडलीय प्रभारी बनाया गया है। वहीं जारी प्रखंड के किसानों आदिवासियों के बीच में रहकर समाज के सेवा करने वाले झारखंड व बंगाल राज्यपाल से सम्मानित दिलीप बड़ाईक को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

सभी नवनियुक्त पदधिकारियों ने पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी का आभार जताया है। जन समस्याओं को प्रमुखता देने की बात कही है। भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला बधाई देते हुए नेताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु,पूर्व सांसद सुदर्शन भगत,पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, पूर्व विधायक जितवाहन बड़ाईक, कमलेश उरांव,शिव शंकर उरांव,पूर्व आईजी डॉ अरुण उरांव,जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, उपाध्यक्ष सयुंक्ता देवी,भिखारी भगत,मिसिर कुजूर,अशोक उरांव,शकुंतला उरांव, सागर उरांव,पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विजय कुमार मिश्रा ,सविंदर सिंह,अनूप चंद्र अधिकारी, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, अवधेश प्रताप शाहदेव,रविंद्र सिन्हा,सुरेश सिंह,जिला महामंत्री यशवंत कुमार सिंह,रामअवतार भगत,जिला मंत्री गौरी किंडो, संजय साहू, विजय कुमार सिंह पिन्टू, शिवदयाल गोप,रीमा देवी जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, किशोर मिश्रा,विपिन सिंह, अरविंद मिश्रा,बाल्केश्वर सिंह, उज्जवल मिश्रा, सुषमा गुप्ता, गुड्डी नंदा,पुष्पा देवी,बबलू वर्मा प्रकाश नारायण सिंह,बड़ाईक नवीन सिंह, नरेश सिंह, सनोज वर्मा, लक्ष्मी नारायण यादव, सुमित कुमार महली ,शंकर शाही, पप्पू गुप्ता ,किशोर जायसवाल शत्रुघ्न मार,बुधराम नायक, कर्मपाल सिंह, विकास कुमार सिंह, जगत ठाकुर, संतोष देवघरिया, कामेश्वर साय, संदीप प्रसाद,खुशमंन नायक,राधेश्याम कुशवाहा व अन्य शामिल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### दो बॉक्साइट ट्रक में भिड़ंत, कोई हताहत नही, वाहन क्षतिग्रस्त



**सेन्हा-लोहरदगा।** वन डिपू के समीप सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बॉक्साइड ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया.हल्की इस घटना में किसी के हताहत नही होने सूचना है.सूचना मिलते ही घटना स्थल सेन्हा पुलिस पँहुची. सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा जंगल में वन डिपू के समीप एन एच 143 ए पथ पर देर रात दो बॉक्साइड ट्रक में टक्कर हो गया.जिससे खाली बॉक्साइड ट्रक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया.दुर्घटना में बॉक्साइड लदा ट्रक का पिछला चक्का क्षतिग्रस्त होने की बात कही जा रही है कि खाली बॉक्साइड ट्रक लोहरदगा की ओर से घाघरा की ओर जा रहा था.उसी दौरान ट्रक संख्या जे एच 08 डी 8943 के चालक संतुलन खो दिया और घाघरा की ओर से आ रहीलोडेड ट्रक में टक्कर मारते हुए ओमनी कार से जा टकराया।

### नवोदय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वस्थ जांच शिविर आयोजन किया गया.आयोजित जांच शिविर में विद्यालय के सभी छात्र छात्रओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वही विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जबकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्मावकाश के पश्चात दो माह बाद विद्यालय खुलने पर सभी विभिन्न जगहों के छात्र छात्राएँ अपने अपने घरों से आये हैं। साथ मौसम में परिवर्तन हुआ है। जिसके कारण मौसमी बीमारी सर्दी,जुकाम,बुखार,दांत दर्द के अलावे अन्य तरह के बीमारियों का जांच के लिये छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया।मौके पर चिकित्सक अनिता लकड़ा के अलावे सूरज पांडेय,धनंजय कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और सभी छात्र छात्रा उपस्थित थे।

### मझगांव पंचायत में शून्य ड्रॉपआउट की सफलता की कहानी



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी प्रखंड अंतर्गत मझगांव पंचायत में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिली है। यहां समुदाय की ताकत और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से शून्य ड्रॉपआउट सफलता की कहानी देखने को मिली। इस पहल ने न केवल उन बच्चों की कक्षा में वापसी सुनिश्चित किया जिन्होंने शिक्षा के महत्व को महसूस नहीं किया था बल्कि पूरे पंचायत को शिक्षा के प्रति एक नई जागरूकता और उत्साह से भर दिया। इस कहानी के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि एक सशक्त समुदाय और प्रभावी प्रशासनिक प्रयासों से शिक्षा की दिशा में उल्लेखनीय बदलाव संभव है। यह पहल जिला प्रशासन के सिटि बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान के तहत संभव हो पाया। गुमला जिला अंतर्गत डुमरी के आकांक्षी ब्लॉक में पंचायत में कुल 9 सरकारी स्कूल हैं। पंचायत के मुखिया की सहायता से स्कूलों का दौरा किया गया और पता चला कि कई बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे थे। इन 9 स्कूलों में 12 ड्रॉपआउट छात्र थे। इसके बाद पंचायत में बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाया गया और शिक्षा के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार किया गया। सिटी बजाओ अभियान का समर्थन करते हुए शिक्षकों के साथ मिलकर कुछ असामान्य छात्रों को नियमित रूप से स्कूल भेजा गया।

### हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता

**गुमला।** गुमला झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत ऑनलाइन क्विज जारी किया गया है जिसमें जिले के स्कूली छात्र एवं शिक्षकों सहित सभी अभिभावक / जन सामान्य भाग ले सकते हैं । आज जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं शिक्षक सहित विभिन्न आईसीटी लैब में इस ऑनलाइन क्विज आयोजन कराया गया जिसमें कुल 309 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दिलदार सिंह द्वारा आज अपने टैग विद्यालय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम, रायडीह का अनुश्रवण करते हुए विद्यालय के आईसीटी लैब में छात्र छात्राओं के साथ ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया तथा मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता हेतु टिप्स दिए । आज के क्विज में पूरे जिले से कुल 40 प्रतिभागियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए । नूर आलम खां द्वारा सभी प्रखंडों को लिंक भेजते हुए बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह के नेतृत्व में यह क्विज 15 अगस्त तक चलता रहेगा तथा प्रतिदिन शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के विवरण जारी किए जाएंगे।

# सीआरपीएफ 158 बटालियन ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की



### सीआरपीएफ ने अपने अपने घरो में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
आजादी के अमृत्व महोत्सव कार्यक्रम के तहत भारत की आजादी को मनाने के लिए , लोगो के मन में तिरंगा झण्डा को हर-घर लगाने एवं फहराने की भावना जागृत करने को लेकर मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत कमांडेंट राहुल कुमार के नेतृत्व में शुरूवात किया गया । सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमाडेंट राहुल कुमार, एवं अन्य अधिकारियों तथा जवानों द्वारा कोर्ट परिसर स्थित रिहायशी इलाकों में दौड़ और पैदल मार्च का आयोजन किया गया। बटालियन के प्रदीप कुमार सिंह, द्वितीय.कमान. अधिकारी. ने बनवासी कल्याण केन्द्र, लोहरदगा में तथा अनिल कुमार वर्मा, उप.कमा. ने गुरूकुल शांति आश्रम, लोहरदगा में जाकर वहां के बच्चों को संबोधित करते हुए तिरंगा के महत्व के बारे में बताया। उन्हे अपने अपने घरो में तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया । केकरांग स्थित उच्चतर माध्यमिक बाल विद्यालय, के छात्रों एवं अध्यापकों ने भी इस अभियान में बल के साथ पैदल यात्रा में अपनी सहभागिता निभाया।

# हेमंत की सरकार में महिलाएं असुरक्षित : कलावती

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया झारखंड सरकार के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय घेराव एवं आक्रोशपूर्ण प्रर्दशन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड कार्यालय मोड़ के समीप इकट्ठा होकर पदयात्रा करते हुए समहरणालय मैदान पहुंचे तत्पश्चात समाहरणालय का घेराव करते हुए झारखंड की हेमंत सरकार के विरुद्ध आक्रोश प्रदर्शन महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने किया । मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कलावती देवी ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार में कानून व्यवथा नाम की कोई चीज नही है।एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के वावजूद आदिवासी बहन बेटियां असुरक्षित है।उनके साथ अत्याचार ,शोषण, बलात्कार किया जा रहा है ।जिहादियो द्वारा लव जिहाद कर धर्म परिवर्तन व निर्मम हत्या की जा रही है जिन्हें प्रशासन द्वारा भी संरक्षण दिया जाता है।और झारखंड की सरकार गूंगी भरी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि समय रहते सरकार नही सुधरी तो आगामी विधान सभा चुनाव में महिलाएं सबक सिखलायेगीं। प्रदेश महामंत्री रेणु तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने युवाओं को ठगने का काम किया है। वादा के अनुसार उन्होंने युवाओं को न रोजगार दिया न भत्ता दिया। आक्रोश प्रदर्शन से पूर्व हजारों की संख्या में महिलाएं ब्लॉक मोड़ लोहरदगा से रैली के शक्ल में उपयुक्त कार्यालय पहुचे। इस दौरान हेमंत सरकार होश में आओ, मुख्यमंत्री गद्दी छोड़ो,महिलाओं का शोषण अत्याचार ,बलत्कार बंद हो, रोहंगिया मुसलमानो को बाहर निकालो आदि नारा लगा रहे थे। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रेणु तिर्की,सामेला भगत, मानती खेरवार, विमल कांत, लाल निरंजन सहदेव तरुण देवघरिया सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# उपायुक्त और एसपी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने मुख्य कार्यक्रम स्थल अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में स्वतंत्रता दिवस 2024 के आयोजन को लेकर आज फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम का जायजा लिया, जिसमें जिले के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।आज के रिहर्सल कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के आगमन पर परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण उपरांत परेड में शामिल प्लाटून क्रमशः सीआरपीएफ, आईआरबी, जिला पुलिस बल पुरूष के प्लाटून, जिला पुलिस बल महिला एवं होमगार्ड के द्वारा समीक्षाकरण परेड किया गया। तत्पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दिए। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, परेड में शामिल सभी प्लाटून, बैंड पार्टी, विद्यालय के बच्चों समेत अन्य सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रीम बधाई दिए साथ ही उन्होने जिले के तमाम नागरिकों से अपील किया कि स्वतंत्रता दिवस पुरे जोश के साथ मनायें। पुलिस अधीक्षक ने परेड में शामिल जवानों, बैंड पार्टी, विद्यालयों के बच्चों से कहा कि आप बहुत अच्छा कर रहे हैं साथ ही स्वतंत्रता दिवस के मौके पर और बेहतर हो इसके लिए सभी को शुभकामनाएं। फुल ड्रेस रिहर्सल के उपरांत की जा रही समुचित तैयारियों का लिया जायजा।

# जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से लगभग 30 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की एवं अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत करवाया। गुमला जिले के गोरापहार से आए एतेश्वर असुर ने उपायुक्त से मुलाकात की, उन्होंने बताया कि वे अत्यंत ही गरीब परिवार से हैं एवं अपनी बेटी को आगे पढ़ाने में असमर्थ है। एतेश्वर ने उपायुक्त से उनकी बेटी को पढ़ाने में सहायता की मांग कि उन्होंने कस्तूरबागांधी विद्यालय में उनकी बेटी का दाखिला करवाने हेतु आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने उक्त आवेदन को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को अग्रसारित करते हुए उनकी सहायता हेतु निर्देश दिया।



भरनो निवासी अशोक प्रसाद ने बताया कि उनका दवा का दुकान पुराना अस्पताल चौक के पास था , पथ चौड़ीकरण के दरमियान उनके दुकान को भी हटाया गया है, परंतु उनका कहना है कि स्थान खाली करने हेतु उनके पास कोई नोटिस नहीं आया है एवं उक्त नोटिस को किसी अन्य के नाम से जारी किया गया है, जिसके कारण उन्हें मुआवजा राशि मिलने में भी अत्यंत कठिनाई हो रही है। अशोक प्रसाद ने इस समस्या के समाधान हेतु उपायुक्त से सहायता की मांग की।

# हर घर तिरंगा रैली का होगा आयोजन, आम लोगों से तिरंगा फहराने की अपील की जाएगी

- **रंगोली, पेंटिंग्स एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा**
- **एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया जाएगा पौधरोपण**



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हर घर तिरंगा अभियान को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि देश के नागरिकों मे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ाया जा सके। इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। इसी कड़ी में भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रायडीह, गुमला के प्रांगण में हर घर तिरंगा, नशा मुक्त भारत अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा रैली, सेमिनार, पौधारोपण आदि का आयोजन हुआ। साथ ही 12 अगस्त को विद्यालय प्रांगण में आयोजित रंगोली, निबंध आदि प्रतियोगिताओं के विजई प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में पंचायत समिति सदस्य श्री हिमांशु गुप्ता, पूर्व मुखिया अनूप फ्रांसिस कुजूर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह के विनय कुमार भगत और अब्राहम मिंज, सामाजिक कार्यकर्ता बासिल तिर्की, विद्यालय के वरीय शिक्षक राधेश्याम सिंह, वार्डन सह शिक्षिका मती रोज कांता एक्का एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मती महविश रहमान ने संयुक्त रूप से महात्मा गांधी और भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सभी अतिथिगणों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मती महविश रहमान ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं राष्ट्रीय ध्वज देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य हिमांशु गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा प्रतीक है, जो पूरे देश को एकबद्ध करता है, इसीलिए सभी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हो कर गर्व से आजादी का जश्न मनाएं।

# गुमला में कई मार्गों पर सभी शराब दुकानों का किया गया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार आज दिनांक 13 को मोटर यान निरीक्षक रोबिन अजय सिंह एवं प्रदीप कुमार तिर्की एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा गुमला जिले के सभी शराब दुकानों पर प्रशासन सख्ती से बिना हेलमेट के चलने वालों पर अंकुश लगाने के हर एक उपाय पर जोर दे रहा है' मोटर यान निरीक्षक एवं सड़क सुरक्षा के द्वारा आज सभी ने गुमला जशपुर रोड में लक्स्मन नगर, पालकोट रोड, पटेल चौक, चेतर रोड एवं गुमला सिसई रोड में सभी शराब दुकानों पर निरिक्षण किया गया जाँच के दौरान सभी शराब दुकानों पर नो हेलमेट नो शराब पोस्टर नहीं लगा हुआ था एवं सीसीटीवी कैमरा नहीं पाया गया। जहां शराब दुकान में आये जितने भी लोग बिना हेलमेट के दिखे उनपर भी चालान कर दिया जायेगा और साथ ही शराब देने से भी मना कर दिया जायेगा। सख्ती से शराब दुकान को भी निर्देश दिया की बिना हेलमेट वालों को शराब देना बंद कर दें या प्रशासनिक कार्यवाई के लिए तैयार रहें। सभी शराब दुकानों पर भी बिना हेलमेट के शराब देने पर कार्यवाई करने का निर्देश प्राप्त है। यत्र तत्र गाड़ी लगा कर रास्ते को अवरुद्ध करने वालों पर भी चालान किया जायेगा। ज्ञात हो की गुमला जिले के विभिन्न शराब दुकानों पर नो हेलमेट नो शराब का सूचक बोर्ड एवं सीसीटीवी कैमरा लगवा देने का निर्देश दिया गया और यह अभियान पहले से ही चलाया जा रहा है अब जुमार्ना लगाकर इस बाबत कार्यवाई की जाएगी।

कोई देख नहीं रहा यह सोच कर शराब लेने वालों पर भी सीसीटीवी के माध्यम से चालान पहुंचेगा । सड़क सुरक्षा की टीम के द्वारा भी बतलाया गया की बिना हेलमेट के परिचालन ही सबसे ज्यादा दुर्घटना के आकड़ों में वृद्धि कराता है।



# बोकारो में बुजुर्ग महिला ने किया आत्मदाह

*भू-अर्जन विभाग के द्वारा उक्त जमीन के लिए चार करोड़ रुपये की मुआवजा राशि भी आवंटित की गई है लेकिन संस्था और जमीन कब्जेदार के बीच हो रहे विवाद के कारण अभी तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है*



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो के पेटरवार प्रखंड के दारिद पंचायत में मकान तोड़े जाने से आहत एक 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने आत्मदाह कर लिया। उसे गंभीर अवस्था में पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह 90 फीसदी झुलस गई थी। घटना की सूचना के बाद बेरमो एसडीएम अशोक कुमार और कई थाना क्षेत्रों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बन रही रांची-बोकारो सड़क को लेकर पुलिस प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। तभी बुजुर्ग महिला ने अपने आप को स्कूल में बने एक कमरे में बंद कर इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संस्थान से जुड़ी साध्वी स्कूल की देखरेख करती थी। भारतमाला प्रोजेक्ट के लिए रांची बोकारो फोरलेन सड़क निर्माण के लिए उस जमीन को चिन्हित किया गया है। बताया जा रहा है कि भू-अर्जन विभाग के द्वारा उक्त जमीन के लिए चार करोड़ रुपये की मुआवजा राशि भी आवंटित की गई है लेकिन संस्था और जमीन कब्जेदार के बीच हो रहे विवाद के कारण अभी तक मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है। सड़क निर्माण भी अधर में लटका हुआ है। एनएचएआई की टीम मंगलवार को स्थानीय प्रशासन को लेकर संबंधित कब्जेदार को समझाने गई थी। इसी दौरान एक महिला ने इस घटना को अंजाम दिया। बेरमो एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण में मुआवजा राशि देने के लिए प्रशासन दो सालों से कोशिश कर रही है लेकिन दो गुटों के आपसी वर्चस्व की लड़ाई में अब तक मामला उलझा हुआ है। मंगलवार को प्रशासन और एनएचएआई की टीम मामला को सुलझाने के लिए गई थी, जो भी आरोप लगाया जा रहा है वो बिल्कुल निराधार है।

# लॉ यूनिवर्सिटी में झड़प

**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची में पांच वर्षीय बीए एलएलबी और एलएलएम के विद्यार्थियों के बीच आए दिन झड़प हो रही है। रविवार की रात को मामला इतना बढ़ गया कि यूजी और पीजी के विद्यार्थियों की बीच मारपीट हुई। सीनियर विद्यार्थियों ने अपने जूनियरों पर रैंगिग करने, फब्तियां कसने, उकसाने, मारपीट और गाली-गलौज करने जैसे आरोप लगाए हैं। यूनिवर्सिटी में पीजी के विद्यार्थी जिस हॉस्टल में रहे हैं, वहां पहुचकर भी कुछ छात्रों ने हंगामा किया। छात्रों का आरोप है कि उनके कमरे के दरवाजे तोड़ने की कोशिश की गई। इसके बाद पीजी के कुछ विद्यार्थियों ने अपने घर पर इसकी सूचना दी। उनके घरवालों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच के लिए विश्वविद्यालय पहुंची थी।

**विश्वविद्यालय पदाधिकारियों ने कॉल रिसीव नहीं किया**

इन मुद्दों को लेकर एलएलएम के विद्यार्थियों ने सोमवार को विश्वविद्यालय में धरना दिया। सूचना पर कुलपति प्रो अशोक आर पाटिल ने उनसे वार्ता की और समझाने का प्रयास किया। छात्रों का कहना था कि उन्होंने मामले की शिकायत पांच दिन पूर्व ही विश्वविद्यालय प्रशासन से की थी, लेकिन उसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। यहां तक कि जब रात में उनके साथ मारपीट हो रही थी तो विश्वविद्यालय पदाधिकारियों व शिक्षकों को फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, पर किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया।


## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
**District Planning Office, Latehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

(2nd Call)
**Notice Inviting**
**Request for Proposals**

Selection of Agency for "supply, installation, testing & commissioning of 100 KVA, 35KVA &20KVA Diesel Silent Generator (DG) set with all accessories" under Office of District Planning Office, Latehar Govt. of Jharkhand

Supply, Installation, Testing & Commissioning at site of one 100 KVA Diesel Silent Generator set, One 35 KVA Diesel Generator Set & One 20 KVA Disel Generator Set with required accessories.

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1.(a) | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for the Supply, Installation, Testing & Commissioning at site of one 100 KVA Diesel Silent Generator set, One 35 KVA Diesel Silent Generator Set & One 20 KVA Diesel Silent Generator Set with required accessories." |
| (b) | Exhaust Emission norms | The generator set shall be Central Pollution Control Board (CPCB) compliant recent norms and the Bidder shall submit the relevant papers along with tender documents as a part of Technical Bid to prove the same. |
| (c) | Pre-Qualification requirement (PQR) of bidders | The Bidder shall be engaged in supply, Installation, Testing & Commissioning of Diesel Silent Generator set with a capacity of 100 KVA,35 KVA, 20KVA and shall give self-declaration in this regard while submitting Technical Bid. Also, the Bidder shall enclose the list of suppliers, to whom the supplies were made in the last three years while submitting the Technical Bid.District Administration/Tender Committee Latehar reserve the right to call for documentary proof, if required. Refer to the Annexure-B for details about PQR and documents to be attached with technical bid. |
| 2 | Date of Issue of RFP | 13-08-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 22-08-2024 |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 23-08-2024 11:00 AM |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 23-08-2024 01:00 PM |
| 6 | Time allowed for Completion | 02 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.50,000 (Fifty thousand Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 5,000 (Five Thousand Rupees Only/-) (NonRefundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit. • Those who have already submitted the both DD, They need not to submit again. |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | After qualifying in technical bid financial bid will be open and L-1 will be awarded. |
| 12 | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on 13th August 2024 at 11:00 AM at the address as under: The District Planning Office, District Colletorate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

District Planning Officer, Latehar

PR.NO.332709 Planning and Development(24-25):D



## Office of the Nagar Panchayat, Hussainabd, Palamu

**SHORT-TERM E-Procurement Notice**
**NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (4th - Call)**

| S.N | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10KLD at Hussainabad Town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2. | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: # 2,19,36,142 Operation & Maintenance Cost: # 1,21,77,720 Total: # 3,41,13,862 |
| 3. | Bid Security (INR) | # 3,41,140/-, (Rupees Three Lakhs Forty-One Thousand One Hundred Forty Only) |
| 4. | Cost of Bid Document (INR) | #10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5. | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6. | Date of e-publication of tender | 13.08.2024 |
| 7. | Document downloading start date | 13.08.2024 |
| 8. | Start date for seeking clarification | 14.08.2024 |
| 9. | End date for seeking clarification | 15.08.2024 |
| 10. | Pre- bid meeting date, time & Venue | 16.08.2024 @2.00 PM at Hussainabad Nagar Panchyat Office, near Over bridge, Haider Nagar Road. |
| 11. | Bid submission end date | 28.09.2024 (05:00pm) |
| 12. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 28.09.2024, The security and cost will be accepted online mode only |
| 13. | Bid opening date (online | 29.09.2024 (05:00PM) |
| 14. | Mode of Submission of Bids | I. e.-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15. | Name & Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Hussainabad. |
| 16. | Helpline Number | 8580180458, 9835206770,9798635093 |

Note: Only e-Tender will be accepted
complete bid document is available on website http://jharkhand tenders.gov.in

Exceutive Officer
Nagar Panchayat Hussainabad

PR 332658 District(24-25)#D



## कार्यालय :- जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा
## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रॉची

झारखण्ड स्टेट इमप्लीमेटींग एजेन्सी होटवार, रॉची द्वारा प्रायोजित केन्द्रीय योजना LHDCP अन्तर्गत पशुओं में टीकाकरण 2024–25

**टीकाकरण कार्यक्रम**

| ब्रुसेलोसिस (Brucellosis) टीकाकरण | एफ0एम0डी0 (FMD) टीकाकरण |
|---|---|
| 1. टीका का अवधि :– 15 अगस्त 2024 से 30 सितम्बर 2024<br>2. टीकाकृत पशु :– (4–8 महीना) के सभी मादा गोवंशीय पशु<br>3. शुल्क :– निःशुल्क<br>4. टीकाकर्मी :– प्रखण्ड पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा नामित<br>5. अन्य :– निःशुल्क कृमिनाशक दवा का वितरण | 1. टीका का अवधि :– 15 अगस्त 2024 से 30 सितम्बर 2024<br>2. टीकाकृत पशु :– 4 माह से ऊपर सभी स्वस्थ्य गोवंशीय एवं भैंस जाति के पशु<br>3. शुल्क :– निःशुल्क<br>4. टीकाकर्मी :– प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा नामित<br>5. अन्य :– निःशुल्क कृमिनाशक दवा का वितरण |

नोट :–किसी प्रकार की जानकारी हेतु जिला पशुपालन कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क करें।

निदेशानुसार
जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 332703 (Animal Husbandry)24-25*D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**डाक की तिथि विस्तारण संबंधी आम सूचना (10th Call)**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 626/दिनांक 29.07.2024 द्वारा निर्गत आम सूचना (PR No.- 331125) अन्तर्गत विभिन्न जिला परिषदीय बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती हेतु आवेदन एवं डाक की तिथि विस्तारण करते हुए एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | पूर्व में निर्धारित डाक की तिथि/समय | नव निर्धारित डाक की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पाँकी | पाँकी | 288000.00 | 72000.00 | 13-08-2024/ 12:00 बजे | 24-08-2024/ 01:00 बजे अपराह्न |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 23.08.2024 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR 332716 District(24-25)D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना (2nd Call)**

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-10, C-11, C-12, C-13 | 08 | 9000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | तरहसी | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 6000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | तरहसी | प्रथम तल | C-17 | 01 | 9400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 17 | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | 16.08.2024 से 22.08.2024 तक |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :– | 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | 16.08.2024 से 22.08.2024 तक |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 24.08.2024 को 12:00 बजे मध्याह्न |
| 7. | डाक का स्थान :– | Block-C स्थित कार्यालय कक्ष। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 332720 District(24-25)#D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**डाक की तिथि विस्तारण संबंधी आम सूचना (5th Call)**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 625/दिनांक 29.07.2024 द्वारा निर्गत आम सूचना (PR No.- 331122) अन्तर्गत विभिन्न जिला परिषदीय बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती हेतु आवेदन एवं डाक की तिथि विस्तारण करते हुए एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती पाँच वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की अवधि | एक वर्ष के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | पूर्व में निर्धारित डाक की तिथि/समय | नव निर्धारित डाक की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 432000.00 | 108000.00 | 13-08-2024/ 12:00 बजे | 24-08-2024/ 01:00 बजे अपराह्न |
| 2 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन, 2 डाक बंगला एवं 1 बस पड़ाव (1st Call) सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 456000.00 | 114000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 23.08.2024 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि 5 वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में नजारत जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

**नोट :– उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी/अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 332715 District(24-25)#D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**तालाब बन्दोबस्ती तिथि विस्तारण से संबंधित आम सूचना**

दिनांक 17.01.2023 को जिला परिषद बोर्ड द्वारा पलामू जिला परिषद क्षेत्र अन्तर्गत तालाबो के बन्दोबस्ती हेतु दर निर्धारित करते हुए 03 वर्ष के लिये बन्दोबस्ती करने का निर्णय लिया गया है। अतः इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 624/दिनांक 29.07.2024 द्वारा निर्गत आम सूचना (PR No.- 331124) अन्तर्गत विभिन्न तालाबों/अमृत सरोवर की बंदोबस्ती हेतु आवेदन एवं डाक की तिथि विस्तारण करते हुए एतद् द्वारा सभी इच्छुक मत्स्य पालक अन्य व्यक्ति (आम एवं खास) को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू द्वारा निर्मित निम्नांकित सरकारी तालाब/अमृत सरोवर का बंदोबस्ती 03 वर्षों के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | अमृत सरोवर/तालाब का नाम | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | पूर्व में निर्धारित डाक की तिथि/ समय | नव निर्धारित डाक की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | चैनपुर | कोशियारा | रामपुर | अमृत सरोवर रामपुर | 60000.00 | 15000.00 | 13-08-2024/ 12:30 बजे | 24-08-2024/ 12:30 बजे |
| 2 | हुसैनाबाद | बेनी कला | सबानो | अमृत सरोवर सबानो | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 3 | हुसैनाबाद | उर्दवार मंजुराहा | घुरूआ | अमृत सरोवर घुरूआ | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 4 | पाँकी | हुरलौंग | गोगाड़ | अमृत सरोवर गोगाड़ | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 5 | पाँकी | अम्बाबार | लुकुआ | अमृत सरोवर लुकुआ | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 6 | हुसैनाबाद | उुर्दवार मंजुराहा | मंजुराहा | सरकारी तालाब मंजुराहा | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 7 | सदर मेदिनीनगर | झाबर | झाबर | सरकारी तालाब झाबर | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 8 | नौडीहा बाजार | तरीडीह | बलरा | सरकारी तालाब बलरा। | 60000.00 | 15000.00 | | |
| 9 | सतबरवा | रबदा | तुम्बागाड़ा | सरकारी तालाब तुम्बागाड़ा | 60000.00 | 15000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 23.08.2024 तक कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि कैश/बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 332721 (District)24-25*D



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu 01/2024-25 (Retender 2nd Call)**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक– 16.08.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 16.08.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक– 21.08.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 22.08.2024 (अपराह्न 03:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| GR-No | Name | No of AWC | Estimated Cost | EMD Amount (2%) | Tender Fee | Work Completion Period | NIT Reference No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| GR-2 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Raheya, Pakariyadih-1, Paduma-2 and Abduldih) under Manatu Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-2 |
| GR-5 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kaudiya-2, Chhoratiya, Godarmana kalan-2, Tona-2 and Guri-2) under Bishrampur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-5 |
| GR-6 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sigsigi-1, Sigsigi-2, Sigsigi-3 and Sigsigi-4) under Bishrampur Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-6 |
| GR-10 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sonpurwa-1, Devri Vishwakarma tola, Devri khurd, Bankat and Sonpurwa-2) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-10 |
| GR-15 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Bairao Nawadih, Shekhwadih, Andheriya Kala, Itbandh and Dandila-2) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-15 |
| GR-18 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Chorpahra, Ghagra, Budhuwa Muslim Tola, Mahuari and Lapsera) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-18 |
| GR-19 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kazinagar-1, Bhai Bigha harijan tola, Haidarnagar Islamaganj, Bilaspur-2, Haidarnagar bhai bigha and Haidarnagar ) under Haidarnagar Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-19 |
| GR-21 | Construction of 3 Nos Anganwadi Kendra (AWC Majgaon-2, Bucchi Lami-2 and Kajari bathan Tola Laghu) under Pandwa Block District PALAMU | 3 | 3324600.00 | 66492.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-21 |
| GR-29 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Khamhi motiyakhala, Pakhalmar, Ledgai, Kararkala Laghu, Birhori and Loinga-3) under Patan Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-29 |
| GR-39 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Muslim tola sudna, Ghorhi, Chama, Sinduriya and Khanwa Bhuiyan Tola) under Sadar medininagar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-39 |
| GR-42 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kulhi, Joga-1, Sihda-1, Sihda-2, Kutumu-1 and Kutumu-2) under Utari Road Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-42 |
| GR-46 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kekatuwa-2, Khiribar, Kolhuwa, Mahuliya, Purvdiha-1 and Purvdiha-3) under Chainpur Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-46 |
| GR-54 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Antakala, Saraidih-1, Saraidih-2, Saraidih-3 and Saraidih-4) under Naudiha bajar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-54 |
| GR-55 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sahpur-3, Sahpur-4, Naudiha bajar-1, Namudag-5 and Gulabjhari-1) under Naudiha bajar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-55 |
| GR-56 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Nawatand-2, Gamhariyadih-1, Gamhariyadih-2, Mahuraon and Madan bathan) under Naudiha bajar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-56 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय/द्वितीय श्रेणी (जो लागू हो) में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

PR.NO.332727 District(24-25):D

ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार, 14 अगस्त, 2024



संपादकीय

# बांग्लादेश में पड़ोसी प्रथम नहीं, सख्त कदम हो

पाकिस्तान की तरह तख्तापलट के बाद मिलिट्री राज की आड़ में विश्व में अपना प्रभुत्व जमाने के लिए चालें चलता चीन, पारंपरिक शत्रु पाकिस्तान के बाद निवर्तमान पीएम शेख हसीना के आरोपों के अनुसार अमेरिका का सेंट मार्टिन द्वीप के लिए उनको अपदस्थ करने को लेकर भारत एवं अमेरिका को एक संयुक्त रणनीति बनाने की सख्त जरूरत है। विदेश नीति के विशेषज्ञों का मानना है कि पारस्परिक हित और बाध्यता के सिद्धांत के कारण भारत और अमेरिका को बांग्लादेश के प्रति अपनी मौजूदा नीति में बदलाव लाना होगा, जो चीन और पाकिस्तान की राह पर चल रहा है और जिससे दक्षिण एशिया में सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो रहा है। भारत बांग्लादेश की नई सरकार से अलग-थलग नहीं रह सकता है, जिसका नेतृत्व वही खालिदा जिया कर सकती हैं, जो खुद को भारत-विरोधी खेमे का मानती हैं। ढाका की नई सरकार पर खालिदा जिया और कट्टरपंथी हावी हो सकते हैं, जिससे भारत के लिए सिरदर्द पैदा हो सकता है। अमेरिका को हसीना शासन के निष्कासन से खुश नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे चीन मजबूत होगा, जो महाशक्ति देश के रूप में अमेरिका की जगह लेना चाहता है। इसलिए अमेरिका को भारत की मदद से चीन का मुकाबला करने की जरूरत है, क्योंकि भारत विश्व मंच पर आर्थिक ताकत के रूप में उभर रहा है। साथ ही भारत को चीन के बढ़ते प्रभाव पर नजर रखनी होगी, जिसने पहले ही मालदीव, नेपाल, म्यांमार, पाकिस्तान और श्रीलंका तक को अपने पाले में मिला लिया है। बांग्लादेश भी उसके पिछलग्गू बन सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन का मुकाबला करने के लिए भारत को अपने 'पड़ोसी पहले' की नीति में भू-राजनीतिक बदलाव की जरूरत है। चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव पैदा किया है और भारत को कमजोर करने के लिए भारत विरोधी ताकतों को बढ़ावा दिया है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है। लेकिन कई क्षेत्रों में अमेरिका की करीबी देखते हुए उस पर भरोसा किया जा सकता है, जो पारस्परिक विश्वास और लाभ के सिद्धांत पर आधारित होगा। आलोचकों का मानना है कि भारत को अपनी विदेश नीति में बड़े बदलाव लाने की जरूरत है, अन्यथा चीन हावी हो सकता है, जो बीआरआई के जरिये हरेक देश में भारत विरोधी ताकतों की मदद करता है, जैसा कि बांग्लादेश में दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत हसीना की सत्तारूढ़ अवामी लीग के साथ ही काम करने में विश्वास करता रहा और संभावित विपक्ष खालिदा की बीएनपी को नजर अंदाज करता रहा। अब हसीना विरोधी ताकतें ढाका में सत्ता में आई हैं, जो भारत को दुश्मन समझती हैं। अगर भारत ने बीएनपी के साथ अच्छे संबंध बनाए होते, तो पाकिस्तान की आईएसआई और चीन पर अंकुश लगाया जा सकता था। भारत और अमेरिका को संयुक्त रूप से एक कार्ययोजना बनानी होगी, जिसका उद्देश्य सार्क देशों में चीन के प्रभाव को कम करना और एक स्वतंत्र, मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना होना चाहिए।

> भारत बांग्लादेश की नई सरकार से अलग-थलग नहीं रह सकता है, जिसका नेतृत्व वही खालिदा जिया कर सकती हैं, जो खुद को भारत-विरोधी खेमे का मानती हैं।

# उग्र हिंसक भीड़ के सामने जनतंत्र व न्यायपालिका की क्षणभंगुर हैसियत



आज की बात



कमलेश पांडे

कभी पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले बंगलादेश के लिये सैन्य तख्तापलट कोई नई बात नहीं है। हां, दुनिया के सबसे बड़े और सफल लोकतांत्रिक देश भारत की छत्रछाया में पले-बढ़े बंगलादेश के लिए यह गम्भीर चिंता का विषय जरूर है। जनतांत्रिक देश बंगलादेश में हाल के दिनों में जो कुछ हुआ, वह लोकतांत्रिक प्रशासन के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। यह उसकी अविश्वसनीयता की एक बानगी है, जिससे किसी भी लोकतांत्रिक देश में अस्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। सवाल है कि जनता यदि बगावत पर उतर जाए या उसके नाम पर हिंसक प्रवृति के लोग गोलबंद होकर सड़कों पर उतर जाएं तो संविधान और संविधान का शासन कुछ भी मायने नहीं रखता है। यह स्थिति विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए। यूँ तो किसी भी लोकतंत्र में पक्ष-विपक्ष जरूरी है, लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि विदेशी ताकतों की सरपरस्ती में विपक्ष अपने ही देश और देशवासियों के खिलाफ हिंसक आंदोलन चलाए और फिर सत्ता तक पहुंच जाए। भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न आधा दर्जन से अधिक देशों में यह प्रचलन बढ़ा है, जो सर्वाधिक चिंता की बात है। जानकार बताते हैं कि संभवतया इसी स्थिति से बचने के लिए विधायिका के बीच से कार्यपालिका के कद्दावर चेहरे से युक्त निष्पक्ष प्रशासन, स्वतंत्र न्यायपालिका और उन्मुक्त प्रेस की परिकल्पना की गई। लेकिन बंगलादेश में पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनीं अवामी लीग नेत्री शेख हसीना की सरकार का जिस तरीके से तख्तापलट कराया गया, उससे निर्वाचित सरकारों और वैश्विक लोकतंत्र दोनों के सामने एक आसन्न खतरा मंडराने लगा है। वहीं, बदलती स्थिति से विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और प्रेस की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता की धूलधूसरित हुई है। वहीं बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ जारी हिंसा के बीच संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने भी कहा है कि वह नस्लीय आधार पर किसी भी हमले या हिंसा के खिलाफ हैं। उन्होंने हिंसा को खत्म करने की अपील भी की। कभी पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले बंगलादेश के लिये सैन्य तख्तापलट कोई नई बात नहीं है। हां, दुनिया के सबसे बड़े और सफल लोकतांत्रिक देश भारत की छत्रछाया में पले-बढ़े बंगलादेश के लिए यह गम्भीर चिंता का विषय जरूर है। मसलन, बंगलादेश की मुक्ति संघर्ष वाहिनी के अंग रहे लोगों के वंशजों को 30 प्रतिशत या उससे अधिक आरक्षण दिए जाने के सरकार के फैसले पर आए एक सकारात्मक न्यायादेश के बाद वहां भड़का छात्र आंदोलन कब इस्लामिक चरमपंथियों के जिहाद में तब्दील हो गया, किसी को कुछ पता नहीं चल सका। हाँ, भारत समेत दुनिया के लोकतंत्र प्रेमियों की आंखें तब खुलीं, जब वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं को अवामी लीग पार्टी का समर्थक करार देकर उन्हें निशाना बनाया जाने लगा। जगह-जगह उनकी हत्या की जाने लगी और उनके घर-मंदिर में लूटपाट मचाने व तोड़फोड़ करने के बाद उसे फूंक दिए जाने की घटनाएं बढ़ने लगीं। इस बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना वहां से भागकर भारत आईं और यहां शरण लीं। फिर तो यह स्पष्ट होते देर न लगी कि उग्र छात्र आंदोलन की आड़ में इकट्ठा हुए इस्लामिक चरमपंथियों की हिंसक भीड़ के सामने लोकतांत्रिक सत्ता और न्यायपालिका समेत पुलिस, सेना व संविधान की औकात कितनी क्षणभंगुर है। गोया, इसके दृष्टिगत अपनाई गई सैन्य तटस्थता भी कोई शुभ संकेत नहीं है। यह सही है कि सेना ने शेख हसीना को सुरक्षित भारत जाने दिया। फिर संसद भंग करके एक नोबेल पुरस्कार विजेता के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार का गठन करवा दिया। फिर छात्र धमकियों के मद्देनजर बंगलादेश के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन को इस्तीफा देना पड़ा। अब वहां देर-सबेर चुनाव होंगे और फिर नवनिर्वाचित सरकार सैन्य प्रमुख के साथ क्या व्यवहार करेगी, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। लिहाजा, इस पूरे घटनाक्रम के पीछे के गूढ़ मायने को समझना होगा। सवाल है कि क्या सेना, पुलिस, सरकार या न्यायालय आदि उग्र छात्र आंदोलनकारियों की खाल में छिपे उन अराजक तत्वों के इशारे पर थिरकेगी, जो सरिया कानून के हिमायती हैं, आतंकवादियों-उग्रवादियों और अंडरवर्ल्ड के पृष्ठपोषक हैं? या फिर विधि के शासन से चलेगी, जिसके लिए पुलिस, सेना, सिविल प्रशासन, न्यायालय के साथ-साथ पूरी सरकार जवाबदेह होनी चाहिए। लोकतांत्रिक सत्ता हमेशा चुनाव से बदलनी चाहिए, न कि सैन्य तख्ता पलट और सरिया कानून के हिमायती जमात के हिंसक आंदोलनों से! लेकिन जिस तरह से कभी अफगानिस्तान में, कभी पाकिस्तान में और अब बंगलादेश में लोकतांत्रिक सरकारें गिराई गईं और लोकतंत्र के पहरूए पश्चिमी देशों समेत भारत ने चरमपंथियों के खिलाफ नरमी दिखाई, वह इस बात का संकेत है कि लोकतंत्र अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। न्यू वर्ल्ड आर्डर यानी नई विश्व व्यवस्था के पैरोकार पहले चरमपंथियों को हवा देकर लोकतांत्रिक विफलता का माहौल पैदा करेंगे और उनके दमन के नाम पर अपना पूंजीवादी फन फैलाएंगे और आम आदमी को डंसना शुरू कर देंगे। आपको पता है कि आज पूरी दुनिया में लोकतंत्र का शोर मचा हुआ है। जहां भी और जो भी इसे चुनौती देता है, उसके खिलाफ पश्चिमी देश लामबंद हो जाते हैं। दुनिया के कई देशों में हुए सैन्य तख्तापलट के तुरन्त बाद नवनिर्वाचित सरकार का गठन करवाया गया। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# फिर श्रद्धालुओं की जान पर भारी पड़ी अव्यवस्था



मनोज कुमार अग्रवाल

बिहार के जहानाबाद जिले में सावन के चौथे सोमवार बड़ा हादसा हुआ है। वाणावर स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सोमवार सुबह भगदड़ मच गई। इसमें छह महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई। सावन के चौथे सोमवार के चलते सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ रविवार देर रात से ही लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि मंदिर में दर्शन को लेकर कुछ श्रद्धालुओं में कहासुनी हुई। इस दौरान पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद मंदिर में अचानक भगदड़ मच गई। आधिकारिक तौर पर बताया गया है कि मंदिर में भगदड़ मचने के कारण कुछ लोग दब गए, जिनमें से सात लोगों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रविवार रात से ही मंदिर में भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी और इसके बाद सोमवार तड़के वहां भगदड़ मच गई। फिहाल पुलिस ने सभी सात शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। इसी दिन एक दूसरी बड़ी दुर्घटना में देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ा कर लौट रहे 6 कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुआ। श्रावण माह के सोमवार को बाबाधाम से भगवान शिव पर जल चढ़ाकर कार सवार सिक्किम की ओर जा रहे थे। कांवड़िए बागडोगरा रिजर्व फॉरेस्ट स्थित जंगली बाबा मंदिर की ओर से जा रहे थे। सभी फांसीदेवा के दानागंज इलाके के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाबाधाम से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और नेशनल हाईवे 31 पर चल रहे 6 लोगों को रौंदती हुई पलट गई। कार के परखच्चे उड़ गए। हमारे धार्मिक स्थल मंदिरों और कार्यक्रमों में भारी बदइंतजामी है। कायदे से श्रद्धालुओं की तादाद का सही आकलन कर उस की व्यवस्था बनानी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। अभी एक महीने पहले ही 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक धार्मिक सभा में मची भगदड़ में 107 लोगों की जान चली गई इनके अलावा बच्चों, महिलाओं समेत दर्जनों लोग घायल हुए हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब देश में किसी धार्मिक सभा में भगदड़ मची और दर्जनों ने जान गंवाई हो।पिछले कुछ सालों में कई धार्मिक सभाओं में भगदड़ जैसी घटनाएं घटी और बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हो गई थी। 31 मार्च, 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर आयोजित 'हवन' के दौरान एक प्राचीन 'बावड़ी' के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों की मौत हो गई थी। 1 जनवरी, 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की वजह से मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# राष्ट्रीय सम्मान से वंचित हैं अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स




श्रीगोपाल नारसन

उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के स्वाधीनता संघर्ष के संयुक्त नायक अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स जिन्होंने शहादत हरिद्वार में दी तो जन्म सहारनपुर जनपद के गांव खजूरी अकबरपुर में लिया था,को केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा वह सम्मान नही मिल पाया, जिसके वह हकदार हैं। मात्र 17 वर्ष की अल्पायु में 14 अगस्त सन 1942 में हरिद्वार की सड़कों पर तिरंगे फैहराते हुए शहीद हुए मेरे मामा अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के बलिदान दिवस पर हरिद्वार जिला प्रशासन प्रतिवर्ष 14 अगस्त को एक कार्यक्रम तो हरिद्वार के भल्ला पार्क में आयोजित करता है। लेकिन उसमें शहीद के प्रति सम्मान का भाव कम और ओपचारिकता अधिक अपनाई जाती है। जिसमे अधिकृत रूप से शहीद जगदीश प्रसाद वत्स के परिजनों तक को आमंत्रित नही किया जाता ।अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स की प्रतिमा के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर निगम या फिर जिला प्रशासन की है। लेकिन उनकी प्रतिमा वर्ष भर धूल व गन्दगी ही नही, आस पास के दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण भी झेलती है। आजादी से पहले ब्रिटिश हुकूमत का प्रतिबंध था और आजादी के 75 वर्ष बाद भी लोकतांत्रिक रूप में चुनी गई उत्तराखंड सरकार और उसके जिला प्रशासन की मनमानी का शिकार आजादी के इन दीवानों व उनके परिवारों को झेलना पड़ रहा है। अमर शहीद जगदीश वत्स के नाम से हरिद्वार में स्वाधीनता सेनानी सदन बनाने की एक साल पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को भी सत्तारूढ़ पार्टी के शीर्ष नेता व अधिकारी पलीता लगा रहे है। क्या शहीद जगदीश वत्स के साथ हो रहे इस अन्याय का प्रतिवाद नही होना चाहिए? भला हो शहीदों के प्रति सम्मान अभिव्यक्त करने वाले सन्त ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी का,जिन्होंने स्वयं के खर्च से हरिद्वार के भल्ला पार्क में 17 वर्षीय शहीद जगदीश की प्रतिमा कुछ दशक पहले लगवा दी थी और जिला प्रशासन को प्रेरित कर सरकारी स्तर पर 14 अगस्त को श्रद्धांजलि कार्यक्रम परम्परा शुरू कराई ।लेकिन समय के साथ जहां उक्त स्वाधीनता सेनानी पार्क आस पास के दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण का शिकार है,वही जिला प्रशासन भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ ओपचारिकता निभाकर स्वतंत्रता सेनानी व उनके परिवारों की भावनाओं को आहत कर रहा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से




X से



Babulal Marandi @yourBabulal · 1h

ये है हेमंत सरकार का युवा विरोधी चेहरा, ये है हेमंत के कर्मचारी चयन आयोग का खेल!

चतरा जिला के दिव्यांग युवा अनिल दांगी जी ने शिक्षक भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण की थी लेकिन जेएसएससी ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए सूचित ही नहीं किया। अब दिव्यांग अनिल दांगी जी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

आखिर एक बोलने-सुनने वाले युवक को मूक-बधीर श्रेणी में PGT शिक्षक की नौकरी देने का कुचक्र रचने वाली जेएसएससी एक वास्तविक दिव्यांग युवा की नौकरी क्यों खत्म कर रही है? क्या हेमंत सरकार ने दिव्यांग कोटा वाली आरक्षित सीट को भी बेच दिया है?

youtu.be/-UkxfyY3JXc?si...

7 20 577

अलग बात

# पेरिस ओलंपिक में भारत के हाथ नहीं आया एक भी स्वर्ण पदक

**आदर्श प्रकाश सिंह**

कुश्ती में एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सेहरावत ने पहली बार ओलंपिक में भाग लिया और उसने कांस्य पदक जीत कर देश की लाज रख ली। 21 साल के अमन ओलंपिक में पदक जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी रहे। अन्य महिला पहलवानो को कोई पदक नहीं मिला। पेरिस में ओलंपिक खेलों का समापन हो गया है। भारत के लिहाज से 2024 का यह ओलंपिक खट्टी मीठी यादों वाला कहा जाएगा। देशवासी उम्मीद जता रहे थे कि भारत इस बार दहाई के अंक तक पदक हासिल करेगा। यानी पिछले टोक्यो ओलंपिक में सात पदक से ज्यादा हम पेरिस में जीतेंगे। मगर, अनुमान और भविष्यवाणी हमेशा सही साबित नहीं होते हैं। सबसे बड़ी निराशा तो यह कि हमारे किसी खिलाड़ी अथवा एथलीट ने स्वर्ण पदक नहीं जीता। यह किसी दुर्भाग्य से कम नहीं है। इस कारण पदक तालिका में भारत काफी नीचे 69 वें स्थान पर रहा। एक भी स्वर्ण पदक मिल जाता तो हम थोड़ा ऊपर दिख जाते। भाला फेंक में नीरज चोपड़ा से स्वर्ण की पूरी उम्मीद थी लेकिन वह भी रजत पदक ही ला सके। इस प्रतियांगिता का स्वर्ण पदक पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम रहा। इस वजह से पाकिस्तान एक स्वर्ण पदक लेकर पदक तालिका में भारत से ऊपर हो गया। भारत को कुल छह पदक मिले जिनमें से एक रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। इसमें हॉकी टीम को मिला कांस्य पदक भी है। हालांकि, पेरिस में भारतीय हॉकी टीम ने स्वर्ण के लिए पूरा जोर लगाया। पर, सेमीफाइनल मुकाबले में जर्मनी से पराजित होने के बाद यह आस भी टूट गई। वर्ष 1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत अभी तक इससे वंचित है। संतोष इसी बात का है कि लगातार दो ओलंपिक टोक्यो और पेरिस में हमारी टीम ने तीसरे स्थान पर रह कर कांस्य पदक हासिल कर लिया। खाली हाथ लौटने से बेहतर है कि कुछ मिल गया। इसमें कोई शक नहीं कि पूरी भारतीय टीम ने बहुत अच्छी हॉकी खेली। ओलंपिक में 52 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को हराया। इससे देश भर को सोने की उम्मीद बन गई थी। गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। इस खिलाड़ी ने न जाने कितने गोल बचा कर भारत की जीत में योगदान दिया। यह उनका आखिरी टूर्नामेंट था। चार ओलंपिक खेल चुके श्रीजेश ने अब संन्यास ले लिया है। कसक यह रह गई कि स्वर्ण पदक से उनकी विदाई नहीं हो सकी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> जीवन द्वारा स्वयं को कदापि परास्त न होने दें, बल्कि जीवन को पराजित कर दें! यदि आपकी इच्छाशक्ति बलशाली है, तो आप समस्त कठिनाइयों पर विजय पा सकते हैं।

# विपत्ति के समय में शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रत्येक वस्तु जिसकी रचना ईश्वर ने की है हमारे परीक्षण के लिए की है, हमारे भीतर दबी हुई आत्मा की अमरता को प्रकट करने के लिए। यही जीवन का साहसिक कार्य है, जीवन का एक मात्र उद्देश्य। और प्रत्येक व्यक्ति का साहसिक कार्य भिन्न है, अद्वितीय है। आपको व्यावहारिक-बुद्धि की युक्तियों और ईश्वर में विश्वास के द्वारा स्वास्थ्य, मन और आत्मा की समस्त समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, इस बात का ज्ञान रखते हुए कि जीवन अथवा मृत्यु में आपकी आत्मा अजेय रहती है। जीवन के द्वारा स्वयं को कदापि परास्त न होने दें, बल्कि जीवन को पराजित कर दें! यदि आपकी इच्छाशक्ति बलशाली है तो आप समस्त कठिनाइयों पर विजय पा सकते हैं। परीक्षणों के बीच भी प्रतिज्ञापन करें, खतरा और मैं साथ-साथ पैदा हुए थे, और मैं खतरे से अधिक खतरनाक हूँ! यह सत्य है, जिसे आपको सदा स्मरण रखना चाहिए, इसे प्रयोग करें और आप देखेंगे कि यह प्रभावकारी है। दासवत नश्वर मानव की तरह व्यवहार न करें। आप ईश्वर की सन्तान हैं! अनेक लोग जीवन की समस्याओं से डरते हैं। मैं कभी भी उनसे घबराया नहीं, क्योंकि मैंने सदा यह प्रार्थना की है: प्रभो! आपकी शक्ति की मुझ में वृद्धि हो। मुझे सकारात्मक चेतना में रखना, ताकि मैं आपकी सहायता से अपनी कठिनाइयों पर सदा विजय प्राप्त कर सकूँ। कर सकूँ। क्योंकि आप ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बने हैं, तो ऐसा विश्वास करना कि आपके परीक्षणों को परास्त करने के लिए आपका देवत्व जितना शक्तिशाली है, **(क्रमशः)**

टेक की बात

# अब यूजर्स फ्री में बना सकेंगे एआई इमेज



दो साल का लंबा इंतजार अब खत्म हो गया है। ओपनएआई ने आखिरकार वह फीचर रिलीज कर दिया है जिसका इंतजार चैटजीपीटी के यूजर्स को लंबे समय से था। चैटजीपीटी के यूजर्स अब एआई इमेज आराम से बना सकेंगे और वह भी फ्री में। चैटजीपीटी के फ्री वर्जन वाले यूजर्स अब एक दिन में दो एआई इमेज बना सकेंगे। हमने भी दो तस्वीरें चैटजीपीटी से बनवाई हैं जो कि अन्य एआई मॉडल के मुकाबले अच्छी हैं। आप इस खबर में जो तस्वीरें देख रहे हैं उसे चैटजीपीटी ने ही बनाया है। पहले चैटजीपीटी से फोटो बनाने की सुविधा केवल प्रीमियम यूजर्स के लिए थी लेकिन अब इसे फ्री वर्जन के लिए भी रिलीज किया गया है लेकिन एक लिमिट लगा दी गई है कि आप सिर्फ दो ही तस्वीरें एक दिन में बना सकते हैं। अधिक तस्वीरें बनाने के लिए आपको प्रीमियम वर्जन लेना होगा।

**चैटजीपीटी से कैसे बनाएं एआई इमेज :** चैटजीपीटी से एआई इमेज बनाना बहुत ही आसान है। इसे आप वेबसाइट या मोबाइल एप के जरिए एक्सेस कर सकते हैं। चैटबॉक्स में जाने के बाद आपको इमेज के लिए प्रॉम्प्ट देना होगा यानी यह बताना होगा कि आप किस तरह की इमेज बनवाना चाहते हैं। उसके बाद महज 30 सेकेंड में आपको इमेज मिल जाएगी।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भागलपुर में संदिग्ध परिस्थिति में पुलिस लाइन में मिले पांच शव



**एजेंसी। भागलपुर**

भागलपुर पुलिस लाइन में एक महिला सिपाही के सरकारी क्वार्टर से 5 शव बरामद किए गए हैं। मृतकों में महिला सिपाही नीतू कुमारी, उसके दो बच्चे और नीतू की सास है। इन सबका गला रेता हुआ मिला। जबकि वहीं पर सिपाही के पति का शव भी फंदे से लटका हुआ मिला। एक सुसाइड नोट मौके पर से बरामद हुआ है जिसमें पति ने हत्या की बात को स्वीकारा है। उसने अपनी पत्नी के अवैध संबंध का जिक्र उस सुसाइड नोट में किया है। प्रेम विवाह करके एक दूजे के हुए पंकज और नीतू का जीवन का अध्याय इस तरह से समाप्त हो जाएगा। इसकी कल्पना किसी ने नहीं की होगी।

## महिला सिपाही के पति पर संदेह

भागलपुर पुलिस लाइन के क्वार्टर नंबर उइ-38 में कांस्टेबल नीतू का परिवार रहता था। नीतू समेत उसकी सास और दोनों बच्चे व पति का शव इसी क्वार्टर से मंगलवार को बरामद हुआ है। इस घटना ने पूरे पुलिस महकमे में सनसनी फैला दी है। पुलिस के दर्जन भर आला अधिकारी घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। नीतू, उसके दोनों बच्चे और नीतू की सास का गला रेता हुआ मिला। जबकि नीतू के पति पंकज का शव फंदे से लटका मिला। कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतू, अपने दोनों बच्चों व मां का गला रेतकर हत्या करने के बाद नीतू के पति पंकज ने आत्महत्या कर ली।

### सुसाइड लेटर में पत्नी के अवैध संबंध का जिक्र

मौके पर पहुंचे भागलपुर के डीआइजी ने एक सुसाइड लेटर मिलने की बात कही है जो नीतू के पति का है। उसमें उसने अपनी पत्नी नीतू के अवैध संबंध होने का जिक्र किया है और हत्या की बात को स्वीकार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं नीतू के पड़ोस में रहने वालों ने कर्मियों ने पुलिस को बताया है कि नीतू और उसके पति के बीच अक्सर झगड़ा होता था। सोमवार की शाम को भी दोनों झगड़े थे। दोनों के झगड़े आए दिन सड़क पर दिखते थे। वहीं डीआजी ने

### प्रेम विवाह से दोनों एक दूसरे के हुए थे

दरअसल, आरा निवासी पंकज और बक्सर की नीतू एक दूसरे से बेहद प्रेम करते थे। दोनों ने इसे रिश्ते में बदला और प्रेम विवाह किया था। दोनों पहले एक मॉल में काम करते थे। इस बीच नीतू ने कुछ साल पहले सिपाही परीक्षा पास कर ली और बिहार पुलिस में नौकरी पा ली। जिसके बाद उसने पंकज से विवाह कर लिया था। परिवार खुशी से रह रहा था। लेकिन उनकी खुशियों पर ग्रहण लगना शुरू हुआ जब नीतू के अवैध संबंध के शक में उसका पति अक्सर उससे झगड़ने लगा।

## नहर में गिरी कार, पांच की मौत

**पटना।** बिहार में औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के नहर रोड में चमन बिगहा के पास सोन कैनाल नहर में मंगलवार को एक कार असंतुलित होकर गिर गई, जिसमें कार पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक किशोर भी है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को नहर में कार गिरे होने की सूचना दी। पुलिस ने जब कार को देखा तो उसमें पांच लोग थे, जिनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को निकलवाया। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। देखकर ऐसा लग रहा है कि सभी कहीं से पूजा करके लौट रहे थे।

### यूपी समेत देश के कई राज्यों में डॉक्टरों की हड़ताल

# ओपीडी ठप, मरीज परेशान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप कर उसकी हत्या करने के मामले में देश के कई राज्यों में डॉक्टरों का मंगलवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ केजीएमयू में मंगलवार सुबह करीब नौ बजे जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल शुरू कर दी। इस कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

डॉक्टरों ने ओपीडी में कामकाज ठप्प कर दिया है। डॉक्टर वार्ड में भर्ती मरीजों को भी देखने नहीं पहुंचे। इसके चलते तत्काल केजीएमयू प्रशासन ने सीनियर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई।

डॉक्टर कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज की महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा डॉक्टर इस मामले की सीबीआई जांच की भी मांग कर रहे हैं। उन्होंने महिला डॉक्टर को न्याय मिलना चाहिए जैसी नारे भी लगाए। डॉक्टरों का कहना है कि हम मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और सीबीआई जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने आज भी कार्य का बहिष्कार किया है। केवल इमरजेंसी सेवाएं जारी हैं। उधर कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप और हत्या के खिलाफ छत्रपति संभाजीनगर के अस्पताल में डॉक्टरों ने आंदोलन शुरू किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में डॉक्टरों की उपस्थिति देखी गई।

## सीबीआई करेगी मामले की जांच

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के बलात्कार व हत्या मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सीबीआई से मामले की जांच कराए जाने का आदेश दिया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने इससे जुड़े केस डायरी के निरीक्षण के बाद यह आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकार को मामले से संबंधित सभी जानकारी और दस्तावेज सीबीआई को सौंपने होंगे। इसके अलावा, पुलिस की तरफ से जुटाए गए सभी सीसीटीवी फुटेज भी सीबीआई को सौंपे जाने चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड की चौथी मंजिल पर एक महिला डॉक्टर का शव खून से लथपथ अवस्था में मिला था। इस घटना ने राज्य भर में हड़कंप मचा दिया था। हत्या और बलात्कार का आरोप लगाते हुए आरजी कर के जूनियर डॉक्टरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है और लगातार धरने पर बैठे हैं।

## 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर लगाएं तिरंगा : केशव मौर्य



**कानपुर।** दुनिया में तिरंगा का मान व सम्मान बढ़ाने वाले भारत, एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं प्रभावशाली भारत के लिए 15 अगस्त को प्रत्येक कानपुर वासी अपने—अपने घरों पर तिरंगा लगाए। यह बात मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कानपुर के वासी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और सभी पदाधिकारी, नेता, सांसद, विधायक, एवं ग्राम प्रधान, जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख, पार्षद, मेयर समेत शहर में रहने वाले प्रत्येक परिवार एक भारत, श्रेष्ठ भारत, अखंड भारत,प्रभावशाली भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व में तिरंगा का मान—सम्मान बढ़ाने वाले भारत के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को अपने—अपने घरों में तिरंगा लगाएं।

### यूपी में कांग्रेस ने बढ़ा दी सपा की टेंशन

# उपचुनाव के लिए पांच सीटों पर ठोका अपना दावा

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से उन 10 सीटों में से पांच सीटें मांगी हैं जिन पर समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ेगी। प्रयागराज में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में बोलते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को राज्य में अपनी पांच सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए और बाकी सीटें पुरानी पार्टी को दी जानी चाहिए। इस बीच, सोमवार को विपक्षी दल समाजवादी पार्टी में शामिल दोनों दलों ने यूपी विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने-अपने प्रभारियों की घोषणा की।

सपा ने छह सीटों के लिए प्रभारियों की घोषणा की, जबकि कांग्रेस ने सभी 10 विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की घोषणा की। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव



कटेहरी सीट के प्रभारी होंगे, जबकि फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद और यूपी विधान परिषद में विपक्ष के नेता लाल बिहारी यादव मिल्कीपुर सीट के प्रभारी होंगे। सांसद वीरेंद्र सिंह को मझवा सीट, पूर्व मंत्री चंद्रदेव यादव को करहल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक इंद्रजीत सरोज को फूलपुर सीट और विधायक राजेंद्र कुमार को शीशमऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस ने सांसद किशोरी लाल शर्मा, इमरान मसूद, राकेश राठौर, तनुज पुनिया, उज्ज्वल रमन सिंह को शीशमऊ, मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद और फूलपुर सीटों का प्रभारी घोषित किया है।

## बालू घाट कार्यालय से 30 लाख की लूट

**आरा।** बिहार में अपराधियों के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। वह आए-दिन हत्या, लूटपाट जैसी बड़ी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला भोजपुर जिले से सामने आया है, जहां पर अपराधियों ने बालू घाट कार्यालय से 30 लाख रुपए लूट लिए तथा दो लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के संदेश थाना क्षेत्र के काजीचक बालू घाट की है। बताया जा रहा है कि सोमवार की देर रात अपराधियों ने काजीचक घाट (18बी) स्थित बालू घाट के कार्यालय में धावा बोला और लूटपाट की कोशिश की। विरोध करने पर अपराधियों ने दो लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया और 30 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान भीमपुरा निवासी प्रेम कुमार सिंह के पुत्र सोनू कुमार और खंडोल सरैंया गांव निवासी चंदेश्वर साव के पुत्र मुकेश साव के रूप में हुई है।

## नागरिकों को सुरक्षा देने में बंगाल सरकार अक्षम : अधीर चौधरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले को लेकर सियासत तेज हो गई। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कोलकाता की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सरकार से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, कोलकाता में जो हुआ, वह निंदा जनक है। सरकार को इस मामले की जांच करनी चाहिए, लेकिन सरकार संदेह में है और बंगाल ही नहीं पूरे देश में इस घटना को लेकर विरोध हो रहा है। उन्होंने बंगाल की कानून-व्यवस्था को लेकर ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, पहले हम कानून और व्यवस्था की स्थिति के बारे में जो कहते थे, वह सही है। बंगाल सरकार सुरक्षा देने में सक्षम नहीं है। यहां सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है, वे आरोपियों की मदद कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा था, कोलकाता केस में कौन पास हो रहा है, कौन फेल हो रहा है। ये कहना जल्दबाजी होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि हम अपने डॉक्टरों को कितनी सुरक्षा दे पा रहे हैं। इससे बड़ा कोई और मुद्दा नहीं हो सकता। बता दें कि कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। ये मामला सामने आने के बाद देशभर में डॉक्टर आंदोलनरत हैं, उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। इस बीच कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या का मामला कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता कौस्तव बागची ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में सभी मेडिकल कॉलेजों, अस्पताल और रेस्ट रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। इसके साथ ही दो और पीआईएल भी कलकत्ता हाईकोर्ट में दाखिल की गई है। सभी याचिकाओं में एक ही दलील है कि मामले की जांच कोलकाता पुलिस की एसआईटी के बजाय किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राहुल गांधी पर तंज, बोले

# खटाखट-फटाफट वाले हो गए गायब, चुनावी मौसम में आएंगे नजर



**एजेंसी। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने विपक्ष और राहुल गांधी पर इशारों-इशारों में जमकर निशाना साथा। कांग्रेस और राहुल गांधी का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल-मई के महीने में आपने 'खटाखट स्कीम' के बारे में सुना होगा, लेकिन अब लोगों का कोई अता पता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब ये लोग फिर से चुनावी मौसम में नजर आएंगे।

अपना हमला जारी रखते हुए योगी ने कहा कि लोगों से एक-एक लाख रुपये के बॉन्ड भरवाए गए थे। हर महीने 8500 रुपये भेजने का वायदा किया गया था, लेकिन खटाखट स्कीम वालों का देश में अता-पता नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि प्रत्येक गरीब परिवारों की एक महिला के खाते में तब तक एक लाख रुपये डाले जाएंगे, जब तक वह परिवार गरीबी रेखा से बाहर नहीं आ जाता। राहुल गांधी ने कहा कि पैसा खटाखट आता रहेगा और एक झटके में हम हिंदुस्तान से गरीबी को मिटा देंगे।

आदित्यनाथ ने कहा कि अब बिना किसी सिफारिश और लेन-देन के उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी प्राप्त करना संभव है। उन्होंने कहा कि विगत साढ़े सात वर्ष से हमारी सरकार आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर रही है। योगी ने कहा कि आज प्रदेश में पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि डबल इंजन सरकार में अगर किसी ने प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो वह ऐसी सजा देंगे, जो देश और दुनिया के सामने नजीरं बनेगी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास कोई कार्य नहीं है, वह अफवाह फैलाकर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन** : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**कन्या** : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का

**धनु** : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मकर** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ** : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा कड़ी बीएसएफ और बीजीबी के बीच समन्वय



**एजेंसी। कोलकाता**

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के काम शुरू करने के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बॉर्डर पर हालात सामान्य करने की कोशिशें शुरू कर दी है।तीन दिन के भीतर बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच कई दौर की द्विपक्षीय बैठकें हुईं हैं, जिनमें भारत-बांग्लादेश सीमा की मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चर्चा हुई है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर मंगलवार को हुई बैठक में बीएसएफ के महानिदेशक के निर्देशों पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के समन्वय को और मजबूत करने पर चर्चा की गई।

बीएसएफ अधिकारियों ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की भूमिका की सराहना की, जिन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों को सीमा पर आने से रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारतीय नागरिकों और बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीजीबी के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। बीएसएफ के अधिकारी ने बताया कि नौ अगस्त को जब करीब 1500 बांग्लादेशी नागरिक कूचबिहार-लालमोनिरहाट जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इकट्ठा हुए, तो बीजीबी ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर उन्हें सफलतापूर्वक वापस भेजने के प्रयास किए। यह घटना दोनों देशों के बीच सक्रिय समन्वय और संवाद की महत्वपूर्णता को दशार्ती है।इन द्विपक्षीय बैठकों के दौरान सीमा सुरक्षा के अलावा अन्य आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर भी गहन चर्चा की गई। इसके साथ ही, कमांडरों ने बीजीबी के साथ विभिन्न ऑपरेशनल मामलों पर वास्तविक समय की जानकारी साझा करने के लिए एक प्रभावी समन्वय तंत्र तैयार किया। इसके अतिरिक्त पूर्वी कमांड की सीमा से लगे भारतीय गांवों में भी 232 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें ग्रामीणों को बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई।

## ज्वाइंट कलेक्टर आठ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रंगारेड्डी जिले के संयुक्त कलेक्टर और एक वरिष्ठ सहायक को 8 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। एसीबी निदेशक सीवी आनंद ने मंगलवार को बताया कि एसीबी ने ज्वाइंट कलेक्टर एमवी भूपाल रेड्डी और वरिष्ठ सहायक वाई मदन मोहन रेड्डी को गिरफ्तार किया है। ये अपने पद का दुरुपयोग कर रहे थे। उन्होंने कहा, "दोनों को 14 गुंठा जमीन को प्रतिबंधित सूची से हटाने के लिए शिकायतकर्ता से आठ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। दोनों ने बिना किसी को बताए पैसे लेने के लिए कई सावधानियां बरतीं। लेकिन हमारी टीमें एक कदम आगे रहीं और पूरी रात रणनीति बनाकर उन्हें पकड़ लिया।"यह घटना बीआरएस सरकार द्वारा शुरू किए गए धरणी पोर्टल के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को भी उजागर करती है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्तर प्रदेश प्रशासन अलर्ट



**एजेंसी। महराजगंज**

स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्तर प्रदेश प्रशासन अलर्ट मोड पर है। महराजगंज जनपद के भारत-नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती की गई है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती हुई है। आगामी स्वतंत्रता दिवस को लेकर सीमा पर सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए हैं। 15 अगस्त के मद्देनजर पूरे प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महराजगंज पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने कहा, "स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत पूरे जनपद की सीमा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। यहां पर एसएसबी और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग कर रही है। सभी संवेदनशील जगहों पर ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जा रही है। संवेदनशील जगहों पर फ्लैग मार्च हो रहे हैं, प्राथमिक उद्देश्य सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण तरीके से कराने पर है। दरअसल, पड़ोसी मुल्क नेपाल से जुड़ी हुई सीमा खुली होने की वजह से यहां पर घुसपैठ की ज्यादा आशंका रहती है। जिसके कारण महराजगंज से लगे सोनौली और ठूठीबारी सीमा पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस और एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। नेपाल सीमा पर सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पगडंडी रास्तों पर सादे कपड़ों में जवान भी मौजूद हैं। सीमा के नजदीक के सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है।

### बिहार : अधिसंख्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि

# पटना में गंगा व पुनपुन खतरे के निशान से ऊपर

▸ भागलपुर के कहलगांव में गंगा 47 सेंटीमीटर से ऊपर बह रही है



**एजेंसी। पटना**

बिहार में गंगा सहित सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। राजधानी पटना में गंगा और पुनपुन खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। गंगा नदी से सटे शहर और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी का फैलाव तटीय और दियारा क्षेत्रों में तेजी से हो रहा है।

गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण मुंगेर, भागलपुर और पटना के तटवर्ती इलाकों में पानी फैल रहा है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। भागलपुर शहर के बूढ़ानाथ, बरारी, बाबूपुर सहित कई इलाकों में पानी घुस गया है।

जल संसाधन विभाग के मुताबिक, सोमवार को गंगा नदी पटना के गांधी घाट पर खतरे के निशान से 82 , दीघा घाट पर 19 और हाथीदह में 68 सेंटीमीटर ऊपर थी। पुनपुन भी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। भागलपुर के कहलगांव में गंगा 47 सेंटीमीटर से ऊपर बह रही है। इसके अलावा गंडक, कोसी, बागमती और कमला बलान कई स्थानों पर लाल निशान से ऊपर बह रही है। कमला बलान नदी जयनगर और झंझारपुर रेल पुल के पास खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबकि, बागमती सोनाखान, कटोंझा तथा बेनीबाद में खतरे के निशान से ऊपर है। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कुर्सेला तथा गंडक नदी डुमरिया घाट में खतरे के निशान से ऊपर है।

घाघरा नदी सीवान के दरौली में खतरे के निशान से 31 सेंटीमीटर ऊपर है। कोसी नदी का बीरपुर बैराज के पास जलस्त्राव सोमवार को 2,07,895 क्यूसेक पहुंच गया है। वाल्मीकि नगर बराज में गंडक का जलस्त्राव 1,24,000 क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया।

खगड़िया में बाढ़ का पानी गांव में प्रवेश कर चुका है। कटिहार जिला के बरारी प्रखंड क्षेत्र के मोहना चांदपुर पंचायत में बाढ़ का पानी घुसने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। कुरसेला, अमदाबाद और मनिहारी के निचले इलाके में लोगों को बाढ़ की चिंता सताने लगी है।

# अखिलेश यादव की सपा अपराधी संरक्षित पार्टी : गिरिराज सिंह




**एजेंसी। बेगूसराय**

कन्नौज की पूर्व सांसद डिंपल यादव का दाहिना हाथ रहे नवाब सिंह यादव के पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार होने के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सपा को बलात्कारी और अपराधी संरक्षित पार्टी बताया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, "आज उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी पहले अपराधी पार्टी थी अब बलात्कारी पार्टी भी हो गई। अयोध्या में भी एक मुसलमान ने हमारी बेटी के साथ कुकृत्य किया। अब बताया जा रहा है कि कन्नौज में भी वह (नवाब सिंह यादव) डिंपल यादव का प्रतिनिधि था, यह भी उसी समाज से आता है। इसका मतलब यह है कि अखिलेश यादव बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन उनकी पार्टी पूरी तरह से बलात्कारी और अपराधी संरक्षित पार्टी हो गई।"

बता दें, कन्नौज में सपा नेता और डिंपल यादव के करीबी रहे नवाब सिंह यादव को नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि नाबालिग अपनी बुआ के साथ कन्नौज के पास एक गांव में बने नवाब सिंह के डिग्री कॉलेज में नौकरी मांगने गई थी। युवती ने आरोप लगाया कि नौकरी देने के नाम पर सपा नेता ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। उसके कपड़े भी उतरवाए।

# हरमनप्रीत एंड कंपनी का स्वर्ण पदक जीतने के लिए मजबूत आधार : माइक

■ टीम की एकजुटता और मानसिक मजबूती ब्रिटेन के खिलाफ शूटआउट में जीत के दौरान दिखी



**एजेंसी। कोलकाता**

दुनिया के मशहूर एंडवेंचरर' माइक हॉर्न का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीतने के बाद अपनी मजबूत नींव का प्रदर्शन किया जिसे देखते हुए चार साल बाद लॉस एंजिल्स में उनमें स्वर्ण जीतने की क्षमता है।

स्विट्जरलैंड के मोटिवेशनल कोच' के तीन दिवसीय मानसिक दृढ़ता वाले बूट शिविर' ने हरमनप्रीत एंड कंपनी को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने में मदद की और वे अपने सहज क्षेत्र से बाहर आकर मजबूती से एकजुट होने में सफल रहे।

हॉर्न कहा, भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता है, वह उनके समर्पण का प्रतिबिंब है और मेरा मानना ??है कि उन्होंने भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है जिसमें अगले ओलंपिक में स्वर्ण जीतने की संभावना भी शामिल है।' उन्होंने कहा, टीम का प्रदर्शन असाधारण था और टीम स्वर्ण पदक जीतने के बहुत करीब पहुंच गई थी। उन्होंने पूरे टूनामेंट में शानदार कौशल, रणनीति और मानसिक दृढ़ता दिखाई।'

हॉर्न ने कहा, हालांकि वे स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर पाए। लेकिन यह तथ्य है कि वे इसके इतने करीब थे जो उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, ह्ययह समझना भी महत्वपूर्ण है कि पदक जीतना और वो भी ओलंपिक में, एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।'

हॉर्न को उनके महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली 2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम, 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग विजेता टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और जर्मनी की 2014 फुटबॉल चैम्पियन टीम के साथ काम के लिए भी जाना जाता है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान न्यूजीलैंड पर जीत से शुरू किया और धीरे धीरे लय हासिल की। ग्रुप चरण में भारत की सबसे बड़ी जीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रही जिसे टीम ने 52 साल बाद शिकस्त दी।

## बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड की कमान संभालेंगे ईशान किशन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आगामी बुची बाबू टूनामेंट के जरिए रेड बॉल क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। ईशान आगामी बुची बाबू टूनामेंट में झारखंड का नेतृत्व करेंगे। यह टूनामेंट 15 अगस्त से तमिलनाडु में शुरू होने वाला है। किशन पहले झारखंड की टीम में संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं थे लेकिन अब वह बुधवार को झारखंड की टीम के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। ईशान के इस फैसले को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनकी वापसी की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को मिली जानकारी के मुताबिक, ईशान किशन ने झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन को अपने इस फैसले के बारे में बताया और फिर उन्हें टीम में शामिल किया गया। अब इस बात की भी उम्मीद जताई जा रही है कि ईशान किशन 2024-25 के रणजी ट्रॉफी सीजन का भी हिस्सा होंगे। उन्होंने अपना पिछला घरेलू मुकाबला दिसंबर 2022 में खेला था। 2023-24 के रणजी सीजन के अंतिम दिनों में उन्होंने खुद को घरेलू क्रिकेट से दूर रखने का फैसला किया था। किशन का यह फैसला उन्हें काफी भारी पड़ा। इसके कारण बीसीसीआई ने उन्हें वार्षिक कॉन्ट्रेक्ट का हिस्सा नहीं बनाया। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने कहा, ₹किशन की क्षमता को लेकर कभी कोई सवाल ही नहीं था। यहां पूरा मामला इस बात पर निर्भर था कि वह टीम में लौटने के लिए तैयार हैं या नहीं। यह निर्णय पूरी तरह से उनके हाथ में था।



## न्यूज बॉक्स

### 'द हंड्रेड' में खेलते नजर आ सकते हैं जेम्स एंडरसन



**नई दिल्ली।** रेड बॉल क्रिकेट में अब तक के सबसे महान गेंदबाज में एक जेम्स एंडरसन सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। इंग्लैंड के क्रिकेट लीजेंड एंडरसन ने खुलासा किया है कि वह सफेद गेंद क्रिकेट में जल्द कमबैक करेंगे। एंडरसन टेस्ट मैचों में 700 से अधिक विकेट लेकर इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने पिछले महीने लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इस तेज गेंदबाज ने अपने करियर के अंतिम मुकाबले में शानदार गेंदबाजी की थी। एंडरसन एक बार फिर मैदान पर वापसी कर सकते हैं। अपने रिटायरमेंट के एक महीने बाद एंडरसन इंग्लैंड की घरेलू क्रिकेट लीग 'द हंड्रेड' में वापसी पर विचार कर रहे हैं। एंडरसन ने प्रेस एसोसिएशन (पीए) समाचार एजेंसी से कहा कि उन्होंने अन्य प्रारूपों में अपने करियर पर कोई फैसला नहीं किया है। अगर वह फिट रहे तो अगले सत्र में 'द हंड्रेड' खेल सकते हैं।

### विराट कोहली के साथ ट्रेनिंग करने से बहुत कुछ सीखने को मिला : वैशाख विजयकुमार



**बेंगलुरु।** अपकमिंग क्रिकेट टूनामेंट महाराजा ट्रॉफी टी20 में केएससीए गुलबर्गा मिस्टिक्स के उप-कप्तान वैशाख विजयकुमार अपने अनुभव और आत्मविश्वास के साथ उतरने के लिए तैयार हैं। विजयकुमार ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में विराट कोहली और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखा है। वैशाख ने कहा, विराट कोहली के साथ ट्रेनिंग वास्तव में एक खिलाड़ी के रूप में आप पर काफी प्रभाव छोड़ सकती है। पिछले सीजन में, मैंने उनकी कार्यशैली, प्रक्रिया और निरंतरता जैसी बारीकियों पर ध्यान दिया था। चाहे वह खाने की आदत हो या प्रैक्टिस रूटीन, विराट कोहली सब कुछ सटीकता के साथ करते हैं। 27 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, यह सराहनीय है कि कोहली हर खेल से पहले वह कितने कॉन्फिडेंट रहते हैं। मैं भी अब हर बार मैदान पर कदम रखने पर उसी आत्मविश्वास को बनाए रखने की कोशिश करता हूं। महाराजा ट्रॉफी टी20 में एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर विजयकुमार युवा टीम के सदस्यों को मार्गदर्शन देने के लिए भी प्रतिबद्ध होंगे।

### हमें ओलंपिक के लिए पसंदीदा कोच भी नहीं मिला : अश्विनी पोनप्पा



**नई दिल्ली।** भारतीय युगल बैडमिंटन विशेषज्ञ अश्विनी पोनप्पा ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए खेल मंत्रालय से बहुत कम या कोई व्यक्तिगत वित्तीय सहायता नहीं मिली और यहां तक कि कोच के लिए उनके अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) एक दस्तावेज लेकर आया है, जिसमें पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण दिया गया है। इस दस्तावेज के अनुसार अश्विनी को टॉप्स (लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम) के अंतर्गत 4,50,000 रुपये तथा अभ्यास और प्रतियोगिता (एसीटीसी) के वार्षिक कैलेंडर के तहत 1,48,04,080 रुपये प्रदान किए गए थे। अश्विनी ने कहा, ह्यमैं वास्तव में बहुत हैरान हूं। मुझे पैसे नहीं मिलने पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन देश को यह बताना कि मैंने पैसे लिए थे, हास्यास्पद है। मुझे पैसे नहीं मिले थे। अगर आप राष्ट्रीय शिविर की बात कर रहे हैं तो उसने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे।' उन्होंने कहा, मेरे पास अपनी पसंद का कोच भी नहीं था। जहां तक मेरे निजी ट्रेनर की बात है तो मैंने उसका खर्चा स्वयं उठाया। मैंने किसी से पैसा नहीं लिया। मैं नवंबर 2023 तक अपने खर्चे पर खेलती रही। जब हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर दिया तभी मुझे टॉप्स में शामिल किया गया।' भारत की शीर्ष युगल खिलाड़ी 34 वर्षीय अश्विनी ने राष्ट्रमंडल खेल 2010, 2014 और 2018 में क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता था।


## छत्रसाल स्टेडियम में हुआ अमन सहरावत का स्वागत, कोच सतपाल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में भारत के पहलवान अमन सहरावत का स्वागत किया गया। ओलंपिक में 57 किग्रा भारवर्ग में देश के लिए कांस्य पदक जीता था। इस दौरान टोक्यो ओलंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट रेसलर रवि दहिया, कोच महाबली सतपाल और पहलवान दीपक पुनिया मौजूद रहे। अमन पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के एकमात्र पुरुष रेसलर थे। विनेश फोगाट को फाइनल से पहले अयोग्य करार देने के बाद, अमन ने ही ओलंपिक रेसलिंग में मेडल लाने की परंपरा को इस साल भी आगे बढ़ाया।

## सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करूंगा : अश्विन

**नई दिल्ली।** इंजीनियर, क्रिकेटर, लोकप्रिय यूट्यूबर और अब एक लेखक भी, एक बार में कई चीजों को आसानी से प्रबंधित करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन हो या क्रिकेट वह अति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करेंगे। इस 37 साल के खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे चतुर दिमाग वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है। टेस्ट में 516 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी की बातों और विचारों को क्रिकेट जगत में काफी तवज्जो दी जाती है।

## न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने 34 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वर्कर, जिन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ अपना पेशेवर करियर शुरू किया और ऑकलैंड के साथ समाप्त किया, ने एक बयान में कहा, पेशेवर क्रिकेट में 17 साल के शानदार सफर के बाद, मैं खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। यह निर्णय मेरे जीवन के एक अविश्वसनीय अध्याय के अंत और एक नए रोमांच की शुरूआत का प्रतीक है, अपने करियर के दौरान, मैंने कुछ बेहतरीन दोस्ती बनाई है जो जीवन भर चलेंगी, साथ ही ऐसी यादें हैं जो मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।₹वर्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत कम समय बिताया, 2015 से 2018 के बीच उन्होंने दस वनडे और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 272 और 90 रन बनाए। इसकी शुरूआत 2015 में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हुई, जहाँ टी20 डेब्यू पर, उन्होंने हरारे में 38 गेंदों में 62 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार जीता। 2017 में फोर्ड ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए दस पारियों में 82.37 की औसत से 659 रन बनाए, जिससे उन्हें फिर से चयनकर्ताओं के रडार पर ला दिया। वनडे डेब्यू अफ्रीका के उसी दौरे पर हुआ, और उन्होंने 2017 में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रारूप में कुछ रन बनाए, जब उन्होंने आयरलैंड में और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेला, और उस अवधि में अपने तीनों वनडे अर्धशतक बनाए। हाल ही में, वर्कर को मार्च 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया, जब मार्क चैपमैन कोविड-19 के कारण बाहर हो गए।

## वंदना ठाकुर ने इंडोनेशिया चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की बेटी और मशहूर महिला बॉडी बिल्डर वंदना ठाकुर ने इंडोनेशिया के बाटम में आयोजित 56वीं एशियन बॉडी बिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वंदना ने 15वीं विश्व बॉडीबिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है जिसका आयोजन इसी वर्ष नवंबर माह में मालदीव में होने वाला है। वंदना की यह सफलता न सिर्फ उनके व्यक्तिगत करियर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि भारतीय बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र को भी नए मुकाम पर ले जाने में भी अभूतपूर्व योगदान दे रही है। 56वीं एशियन बॉडी बिल्डिंग और फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 प्रतियोगिता इंडोनेशिया के बाटम में स्थित रियाउ आइलैंड में 6 से 12 अगस्त, 2024 तक आयोजित की गई थी जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए कुल 50 श्रेणियां थीं।

## भारत को टेस्ट श्रृंखला में 3-1 से हरा सकता है ऑस्ट्रेलिया : रिकी पोंटिंग

**एजेंसी। दुबई**

रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के पास साबित करने के लिए काफी कुछ होगा और उन्होंने कहा कि पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाली पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीत सकती है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में टेस्ट श्रृंखला 2-1 के समान अंतर से जीती थी। वह अब 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में विश्व की नंबर एक टेस्ट टीम और मेजबान ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा।

पोंटिंग ने कहा, यह एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला होने जा रही है। यहां पिछली दो श्रृंखलाओं में जो कुछ हुआ उसे देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के पास अपनी धरती पर भारत के खिलाफ साबित करने के लिए काफी कुछ है।' उन्होंने कहा, हम फिर से पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेल रहे हैं जो इस श्रृंखला की दूसरी




महत्वपूर्ण बात है। पिछले कुछ समय में हमने केवल चार टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली। इस बार पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को लेकर हर कोई उत्साहित है। मुझे नहीं पता कि इस श्रृंखला में कुछ मैच ड्रॉ होंगे या नहीं।'पोंटिंग ने कहा, मैं निश्चित तौर पर ऑस्ट्रेलिया को जीत का हकदार कहूंगा। मैं कभी ऐसा नहीं कहूंगा कि ऑस्ट्रेलिया जीत का हकदार नहीं है। कोई मैच ड्रॉ हो सकता है तो कोई खराब मौसम से प्रभावित हो सकता है इसलिए मैं कहूंगा कि आस्ट्रेलिया श्रृंखला 3-1 से जीतेगा।'

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 1991-92 में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला खेली थी। तब भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। पोंटिंग ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद को भी भारतीय टीम में रखने की वकालत की। वह दिल्ली कैपिटल्स में खलील के कोच रहे चुके हैं। उन्होंने कहा, ह्यखलील अहमद जैसे खिलाड़ी को इस टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में होना चाहिए। वह हाल में जिंबॉब्वे में टी20 श्रृंखला खेल कर लौटा है। भारतीय टीम के लिए अपनी टेस्ट टीम में बाएं हाथ के किसी गेंदबाज को रखना आदर्श स्थिति होगी।'

# व्यापार/लाइफ व साइंस


## एनआईआरएफ रैंकिंग में आईआईएफटी 12 पायदान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंचा

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार में आईआईएफटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : गोयल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने शिक्षा मंत्रालय की जारी राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग में 12 स्थानों की छलांग लगाकर इस वर्ष 15वें स्थान पर पहुंच गया है। आईआईएफटी पिछले वर्ष की रैंकिंग में 27वें स्थान पर था, जबकि वर्ष 2022 में यह 24वें स्थान पर था। संस्थान की रैंकिंग में यह रिकॉर्ड सुधार है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि आईआईएफटी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बधाई दी है। वाणिज्य मंत्री गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान जल्द ही एक विश्व स्तरीय संस्थान में बदल जाएगा, जो व्यापार और निवेश में




भारत के प्रभावशाली विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भावी नेताओं को तैयार करने में आईएफटी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 2016 में एनआईआरएफ रैंकिंग की शुरूआत के बाद से भारतीय विदेश व्यापार संस्थान की रैंकिंग में यह रिकॉर्ड सुधार है। आईआईएफटी 2021 में 25वें, 2020 में 26वें और 2019 में 31वें, 2018 में 23वें, 2017 में 30वें और 2016 में 81वें स्थान पर था। देश में उच्च शिक्षण संस्थानों को वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर रैंकिंग देने के लिए 2016 में एनआईआरएफ की शुरूआत की गई थी, ताकि ऐसे संस्थानों में प्रतिस्पर्धात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि आईआईएफटी की स्थापना 1963 में भारत के बाह्य व्यापार क्षेत्र के लिए कौशल निर्माण में योगदान देने को मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी।

## संदीप पौंड्रिक ने इस्पात मंत्रालय में सचिव पद का कार्यभार संभाला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को इस्पात मंत्रालय के सचिव का पदभार संभाल लिया है। उद्योग भवन में स्थित इस्पात मंत्रालय में पौंड्रिक का कार्यभार संभालने के मौके पर मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वे बिहार कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं।

इस्पात मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संदीप पौंड्रिक ने इस्पात मंत्रालय के सचिव के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। मंत्रालय के मुताबिक कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने देश में इस्पात क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा के लिए इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

उल्लेखनीय है कि पौंड्रिक बिहार सरकार में उद्योग विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने कई अन्य पदों का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला है।

## ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का मुनाफा जून तिमाही में 33 फीसदी बढ़कर 24 करोड़ रुपये पर पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (ओजीएल) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा 32.69 फीसदी बढ़कर 23.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 18.08 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की ओर से मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक 30 जून 2024 को समाप्त पहली तिमाही में ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड का परिचालन से प्राप्त राजस्व उछलकर 313.93 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 216.02 करोड़ रुपये की तुलना में 45.33 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कर-पूर्व लाभ 31.85 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के 25.25 करोड़ रुपये से 26.09 फीसदी अधिक है। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के मुताबिक 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में कुल व्यय 51.78 फीसदी बढ़कर 288.70 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान उपभोग की गई सामग्री की लागत 224.10 करोड़ रुपये (46.14 फीसदी सालाना वृद्धि) और कर्मचारी लाभ व्यय 18.42 करोड़ रुपये (23.54 फीसदी सालाना वृद्धि) रहा। कंपनी के मुताबिक ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई पहली तिमाही में 50.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

# विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार में आई गिरावट

■ बाजार की कमजोरी से निवेशकों को 4.48 लाख करोड़ की कमी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा आज जम कर की गई बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स कुछ देर के लिए हरे निशान में भी आया लेकिन सुबह 10 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण बाजार के दोनों सूचकांक बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.87 प्रतिशत और निफ्टी 0.85 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान मेटल, बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर कंज्यूमर ड्युरेबल्स, फार्मास्यूटिकल और आईटी इंडेक्स में तेजी का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

## जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक 9 सितंबर को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक 9 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में होगी। इस बैठक में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को तर्कसंगत बनाने पर चर्चा की जाएगी। परिषद की पिछली बैठक 23 जून, 2024 को हुई थी।

जीएसटी परिषद ने एक्स पोस्ट पर जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक नौ सितंबर, 2024 को नई

### दरों को तर्कसंगत बनाने पर होगी चर्चा

दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी। इस बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने टैक्स स्लैब को कम करने के अलावा जीएसटी के तहत उल्टा शुल्क हटाने पर चर्चा होने की संभावना है।इससे पहले जीएसटी परिषद की पिछली बैठक 23 जून, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में हुई थी। इस बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक में बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) कार्य की स्थिति और समिति के द्वारा कवर किए गए पहलुओं तथा समिति के समक्ष लंबित कार्यों पर एक प्रस्तुति देगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र तथा राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। ये संस्था एक जुलाई, 2017 से काम कर रही है।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने पर्यावरण पर नए विभाग ईईडी की शुरुआत की

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय मानक ब्यूरो ने पर्यावरण और पारिस्थितिकी से संबंधित मुद्दों पर मानकीकरण के लिए एक नए विभाग की शुरूआत की है। इसका नाम पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग दिया गया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि बीआईएस ने पर्यावरण और पारिस्थितिकी से संबंधित मुद्दों पर मानकीकरण के लिए एक नया विभाग शुरू किया है। इसका उद्देश्य स्थिरता तथा पर्यावरण मानकीकरण में वैश्विक मानक स्थापित करना है। मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रीय मानक निकाय बीआईएस ने विभाग की स्थापना के उपलक्ष्य में एक दिन पहले एक कार्यशाला का आयोजन किया।

## एक नजर

### छवि रंजन सहित आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जेल में बंद आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित आठ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट ने 24 अगस्त तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 24 अगस्त निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन पर चल रहा है। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, लखन सिंह और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में हैं जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाई कोर्ट से जमानत प्राप्त है। एक आरोपित पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

# मानव हाथी संघर्ष का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी : बैद्यनाथ राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा है कि हाथी न केवल वन्यप्राणी साम्राज्य की प्रमुख प्रजाति है, बल्कि भारतीय संस्कृति में भी पूजनीय जीव माना जाता है। हमारे देश में सदियों से मानव और वन्यप्राणी शांति पूर्वक सह-अस्तित्व में रहते आए हैं। फिर भी कुछ समय से मानव की आगे बढ़ने की प्रत्याशा ने दोनों प्रजातियों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप अप्रिय स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं और इससे दोनों पक्षों की जान-माल की हानि हो रही है। शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम विश्व हाथी दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित मानव-हाथी संघर्ष पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कर्नाटक की वन्यजीव प्रबंधन प्रणाली प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्नाटक में वैज्ञानिक तरीके से वन और वन्यजीव प्रबंधन की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है। कर्नाटक सरकार द्वारा मानव-हाथी संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा करने के लिए विश्व के प्रमुख विशेषज्ञों को एक साथ लाने की पहल सराहनीय है।



### झारखंड एक लैंडलॉक राज्य

शिक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड वनों की भूमि है। यहां 29 प्रतिशत से अधिक भूमि वनाच्छादित है। झारखंड एक लैंडलॉक (चारों ओर से जमीन से घिरा) राज्य है, जहां हाथियों की एक स्वस्थ आबादी विचरण करती है। यह राज्य चारों तरफ से हाथियों के प्रवास अनुकूल क्षेत्र वाले राज्यों से भी घिरा हुआ है और ईस्ट सेंट्रल एलिफेंट लैंडस्केप के रूप में चिह्नित है। यह परिदृश्य जहां एक ओर उचित वैज्ञानिक वन्यप्राणी प्रबंधन में कठिनाई उत्पन्न करता है, वहीं दूसरी ओर संबंधित राज्यों के बीच आपसी समन्वय के महत्त्व एवं उसकी आवश्यकता को इंगित करता है।

### हमारे पास बड़े निरंतर वन

नवीनतम गणना से पता चलता है कि झारखंड में लगभग 600 से 700 हाथियों का बसेरा है। हमारे पास संतोषजनक वन क्षेत्र है, लेकिन हमारे पास बड़े निरंतर वन क्षेत्र नहीं हैं। भूमि खंडित है और जानवरों के गलियारे टूट चुके हैं। फसल कटाई का समय अक्सर हाथियों के प्रवास के समय से मेल खाता है, जिससे हमारे गरीब लोगों और इस महान जीव के बीच संघर्ष उत्पन्न होता है। झारखंड के लोगों का जीवन प्रकृति और उसके संरक्षण के साथ अटूट रूप से जुड़ा है, किन्तु झारखंड भी मानव- वन्यप्राणी संघर्ष के वैश्विक रुझान से अछूता नहीं है और हम अपने तरीके से इससे निपट भी रहे हैं।

### वन्य जीव संरक्षण पर मुखर रहे हैं: सीएम हेमंत सोरेन



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वन्य जीव संरक्षण पर काफी मुखर रहे हैं। हेमंत सोरेन सरकार हाथी-मानव संघर्ष को रोकने के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। इसमें हाथियों के प्राकृतिक वास का संरक्षण भी शामिल है। एलिफैंट कॉरिडोर की रक्षा का भी प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि हाथी और मनुष्य के बीच टकराव को कम किया जा सके।

# 'राज्य के मंईयां की नहीं, बल्कि कुर्सी की रक्षा के लिए चिंतित हैं हेमंत सोरेन'

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा रक्षाबंधन के दिन सांकेतिक रूप से कुछ महिलाओं को मइयां सम्मान योजना की पहली किस्त की 1000 रुपये की राशि देने की घोषणा को नौटंकी करार दिया। प्रतुल ने मंगलवार को कहा कि वस्तुतः रक्षाबंधन के दिन हेमंत सोरेन अपनी सरकार की रक्षा के लिए यह ड्रामेबाजी कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी सरकार ने तो गरीब महिलाओं को ₹8000 महीना देने का वादा अपने निश्चय पत्र में किया था, उसका क्या हुआ? ₹2000 प्रतिमाह चूल्हा खर्चे में और ₹6000 गरीब परिवारों को देने का साफ जिक्र है निश्चिय पत्र में।

प्रतुल ने कहा अब चुनाव को देखकर मात्र ₹1000 प्रति माह का झुनझुना थमाने की तैयारी हो रही है। प्रतुल ने कहा कि इस सरकार के पौने पांच वर्षों के कार्यकाल में लगभग 7000 बलात्कार की घटनाएं हुई। एक आदिम जनजाति की बेटी के 50 टुकड़े कर दिए गए तो दुमका में एक बेटी को जिंदा पेट्रोल छिड़क कर जला दिया गया। बरहेट में एक नाबालिग आदिवासी बेटी को बलात्कार के बाद फांसी पर लटका कर हत्या कर दी गई। सैकड़ो सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई।

इन सारे बलात्कार के जघन्य मामलों पर सरकार असंवेदनशील क्यों रही? सरकार को श्वेत पत्र जारी करके बताना चाहिए कि कितने मामलों में उन्होंने फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए बलात्कारियों को सजा दिलाई और कितने मामलों में अभी भी चार्जशीट भी नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा यह श्वेत पत्र सरकार कभी जारी नहीं करेगी क्योंकि इस से सरकार की कलई खुल जाएगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**राष्ट्र निर्माण की दिशा में...**

व स्थानीय विद्यालय के बच्चों के बीच तिरंगे झंडे का वितरण किया गया। साथ ही तिरंगा को अपने-अपने घरों, छतों पर लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रैली में भाग ले रहे अधिकारियों ने स्थानीय युवाओं, नागरिकों, बच्चों से हर घर तिरंगा अभियान के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के दौरान अपने परिजनों व रिश्तेदारों को अपने परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करें व राष्ट्रीय गौरव का प्रदर्शन करें। इससे राष्ट्र प्रेम की भावना और मजबूत हो। राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपना योगदान दें सके। मौके पर नागरिकों, स्कूली बच्चों व जवानों ने तिरंगा के साथ सेल्फी ली, जिसे सोशल मीडिया व भारत सरकार की वेवसाईट अपलोड किया गया।

**धनबाद में कई ठिकाने...**

और उसके खातों में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गई थी। उसकी पत्नी प्रिया सिंह के अकाउंट में भी गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किए गए थे। घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया था, तो वह कोयले के कारोबार से जुड़ गया था। एसीबी की ओर से दर्ज इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

**एवरेस्ट समिट 2.0...**

फाउंडेशन के संस्थापक राजीव गुप्ता ने कहा, ह्ययह समिट युवा पीढ़ी और स्थानीय समुदाय को प्रेरित करने का उद्देश्य रखता है, मानव शरीर और मस्तिष्क की असीम संभावनाओं को दिखाते हुए। इन पर्वतारोहियों की कहानियों के माध्यम से, हम सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित और उत्साहित करने की आशा करते हैं। एवरेस्ट समिट 2.0 का आयोजन सीसीएल, साइबरपीस कोर, अडानी पावर,स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन और प्रतिज्ञा फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। समिट के साथ 17 अगस्त 2024 को एक साइक्लोथॉन का आयोजन भी होगा। प्रतिभागी 21 किमी की दूरी तय करेंगे, जो जैप 1 ऑडिटोरियम से शुरू होकर धुर्वा डैम तक जाएगी और फिर वापसी करेगी। यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम मानव संकल्प और आत्मा की अडिग शक्ति का उत्सव है जो स्थानीय समुदाय और उससे बाहर के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

**लेडी डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या...**

की हत्या के मामले में अब तक कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। इन जानकारियों से यह स्पष्ट होता है कि महिला डॉक्टर के साथ अत्यधिक बर्बरता की गई थी। पुलिस ने इस मामले में एक सिविक वॉलंटियर संजय राय को गिरफ्तार किया है। हालांकि, अब तक किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता के सबूत नहीं मिले हैं। शनिवार को आरोपित को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरजी कर कांड को लेकर हाई कोर्ट में कई जनहित याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनकी सुनवाई मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश की बेंच में हुई। इन याचिकाओं में मुख्य रूप से तीन मांगें की गई थीं। पहली मांग यह थी कि इस मामले की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए। याचिकाकताओं ने इस मामले की जांच सीबीआई या किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी से कराने की अपील की, जिस पर राज्य का कोई प्रभाव न हो। दूसरी मांग यह थी कि इस घटना में शामिल लोगों की तत्काल पहचान कर उन्हें सजा दी जाए। तीसरी मांग यह थी कि सभी सरकारी अस्पतालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। याचिकाकताओं ने जोर देकर कहा कि अस्पताल की हर मंजिल के मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस मामले में मृतक डॉक्टर के परिवार ने भी पुलिस पर अविश्वास जताया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक दिन पहले ही परिजनों से मुलाकात के बाद ऐलान किया था कि रविवार तक पुलिस अगर मामले में संतोषजनक जांच नहीं करती है तो राज्य सीबीआई को इन्वेस्टिगेशन की जिम्मेदारी सौंप देगा। उसके पहले हाई कोर्ट ने ही यह निर्देश दे दिया है।

### चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता की सजा और जुर्माना बरकरार

**रांची।** प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस में सजायाफ्ता टाटीसिल्वे के आदर्श नगर निवासी आकाश सामंत (47 वर्ष) की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल क्रिमिनल अपील सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने अपीलकर्ता के विरुद्ध दोषसिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की पुष्टि कर दी है। इससे उसकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। न्यायिक दंडाधिकारी रुचि दयाल की अदालत ने 20 मार्च 2024 को चेक बाउंस के आरोप में दोषी पाकर आकाश सामंत को एक साल की सजा और 29 लाख 84 हजार 630 रुपए का जुमार्ना लगाया था। उसने रातू प्रखंड निवासी अलका सिन्हा से 11 सितंबर 2017 में 18.92 लाख रुपए का दोस्ताना लोन लिया था। इसके बदले में उसने चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

### शुद्धि–पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् ई–निविदा संख्या– 08/2024-25/RWD/CHATRA, दिनांक–23.07.2024, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.08.2024 है तथा **P.R. No.** 330517 **(Rural Work Department)** 24–25 **(D)** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. उक्त् निविदा के Identification No.-RWD/CHATRA/37/2024-25 (ग्राम हुमरा दुनीदाग मेन रोड से नारायणपुर मेन रोड भाया पलकडीह, बरवाडीह बाजार तक पथ का निर्माण कार्य, लं॰–2.500 कि॰मी॰) में प्रशासनिक स्वीकृति के आधर पर प्राक्कलित राशि 252.841 लाख मात्र प्रकाशित की गई है, जिसका परिमाण विपत्र (BOQ) की राशि 249.76684 लाख मात्र (2.50 करोड़ से कम) हो गया है तथा कार्य समाप्ति की अवधि 12 माह पढ़ा जाय।
2. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhand tenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

ह॰/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 332629 Rural Work Department(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

### शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR No 331747 (Building)24-25*D** एवं **E-Tender Reference no.- 06/2024-25/EE/BCD/GARHWA** के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (**Proposed Furnishing of Collectorate Building at Garhwa.)** कार्य निम्नवत संशोधित की जाती है:–

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.08.2024 11:00 बजे के स्थान पर **दिनांक–17.08.2024 को 11:00 बजे।**
2. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– दिनांक–17.08.2024 को 11:00 बजे के स्थान पर **दिनांक–24.08.2024 को 11:00 बजे।**
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–20.08.2024 के 11:00 बजे के स्थान पर **दिनांक–27.08.2024 के 11:00 बजे।**

**निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।**

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 332666 (Building) 24-25 (D)

## कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा

### खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निश्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन ) नियमावली 2022" के कंडिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त), झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक–1419 (अनु0), दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून(बड़ा/छोटा) के बिक्री निष्पादन के संबंध में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते है । जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की तिथि। | विज्ञापन प्रकाशन के तिथि से प्रत्येक कार्य दिवस |
| 2 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | प्रत्येक बुधवार अप0 01:00 बजे |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने का स्थल | अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, गढ़वा । |

उक्त नियमावली/निर्देश के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है एवं http://garhwa.nic.in पर भी देखा जा सकता है ।

ह0/–
अधीक्षक उत्पाद, गढ़वा।

PR.NO.332657 Excise(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 07/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 12.08.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA/18/2024-25 | पी0डबलू0डी0 अरंगी से उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरंगी, उच्च विद्यालय एवं पंचायत भवन होते हुए अरंगी सीमा तक पथ निर्माण कार्य। (6.300 कि0मी0) | 684.608 | छः करोड़ चौरासी लाख साठ हजार आठ सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 332664 Rural Work Department(24-25).D

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Medininagar Municipal Corporation
## e-Procurment Tender Notice

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/14/2024-25 | Development Green Area (6 No .'s) th e Major Roads under Medininagar Municipal Corporation | 1,17,95,915/- | 2,36,000/- | 10,000/- | 12 माह |

| **Part – B** | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 14/08/2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 14/08/2024 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 14/08/2024 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 04/09/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 05/09/2024 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक मेदिनीनगर नगर निगम

PR 332655 District(24-25)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०-02,गढ़वा

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/GARHWA/09/2024-25, दिनांक– 13.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–कोईबार में कसेया नदी (गड़ई नाला) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 2,64,18,700.00 | 5,28,500.00 | 10000.00 | 18 माह | 38.72 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–16.08.2024 से दिनांक–22.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–24.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 332660 Rural Development (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/05/2024-25/RE

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तगत प्रखण्ड मनिका पंचायत रौंकीकला ग्राम रौंकीकला में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड मनिका पंचायत कोपे ग्राम जगतु में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड गारू पंचायत रूद ग्राम बारीबांध में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड गारू पंचायत बारेसांढ़ ग्राम बारेसांढ़ में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड गारू पंचायत धांगरटोला ग्राम लुहुरटांड़ में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 6 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत सोहर ग्राम चोरमुण्डा में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 7 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत अक्सी ग्राम सरनाडीह में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 8 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम चम्पा–3 का आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 9 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम ग्वालखाड में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 10 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत ओरसा ग्राम कुकुद पाट में आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |
| 11 | लातेहार जिलान्र्तगत प्रखण्ड महुआडांड पंचायत हामी ग्राम हामी–1 का आँगनबाड़ी भवन निर्माण। | 1108200 | 22200 | 2500 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 24.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –27.08.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 332599 (Rural Development)24-25*D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## पाकिस्तान पर अफगानिस्तानी तालिबान ने किया बड़ा हमला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पर एक बड़ा हमला हुआ है। ये हमले पाकिस्तान के तीन इलाकों में हुए हैं। पहला हमला अफगानिस्तान के तालिबान ने तोरकम बॉर्डर के पास किया है। बताया जा रहा है कि तालिबान के लड़ाकों ने पाकिस्तान पर तोप के गोले दाग दिए हैं। पाकिस्तान भी दावा कर रहा है कि उन्होंने अफगानिस्तान में अपने लड़ाकू विमान भेजे हैं। मतलब भयंकर युद्ध होने वाला है। बहरहाल, पाकिस्तान पर दूसरा हमला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी ने नार्थ वजीरिस्तान के इलाके में किया है। वहीं पाकिस्तान पर तीसरा हमला मस्तूंग इलाके में किया गया है। पाकिस्तान पर ये हमले ऐसे वक्त में हो रहे हैं जब ज्यादातर पाकिस्तानी बांग्लादेश की तस्वीरों को देखकर खुश हो रहे हैं। पाकिस्तान के स्थानीय अधिकारी जाहिद खान ने कहा कि तोरखाम सीमा के पाकिस्तानी हिस्से की ओर लोगों के हताहत होने के संबंध में तत्काल कोई बयान नहीं आया है। इस सीमा के बंद होने से दोनों देशों के बीच व्यापार और लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

## गुतारेस ने बांग्लादेश में शांति बहाली के प्रयासों का स्वागत किया

**संयुक्त राष्ट्र ।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बांग्लादेश में शांति बहाल करने और संसदीय चुनाव कराने के वहां की अंतरिम सरकार के प्रयासों का स्वागत करते हुए इस प्रक्रिया में महिलाओं और अल्पसंख्यक समुदायों को शामिल करने का आग्रह किया।



महासचिव गुतारेस ने अपने उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वह बांग्लादेश के लोगों के साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं और उनके मानवाधिकारों के पूरी तरह सम्मान का आह्वान करते हैं। गुतारेस ने 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से आग्रह किया कि वह आने वाले हफ्तों में समावेशी होने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखे, जिसमें देश भर में महिलाओं, युवाओं और लोगों के साथ-साथ अल्पसंख्यक और मूल निवासियों की आवाज को भी ध्यान में रखना शामिल है।

### उत्तरी सेना कमांडर ने डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का किया दौरा

# सेना ने घाटी में विदेशी आतंकवाद खत्म करने के लिए बनाया नया काउंटर प्लान

**दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकी मॉड्यूल का हुआ खुलासा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बाद सेना ने नया काउंटर प्लान बनाया है। दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद सेना ने विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए नया अभियान शुरू किया है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को आतंकवाद विरोधी डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा करके आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा की।



जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले एक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया था कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। इसके बाद जून माह की शुरुआत से ही आतंकी गतिविधियों में तेजी आनी शुरू हो गई और अब तक दर्जनों मुठभेड़ में अब 15 से ज्यादा सैन्य अधिकारी और जवान बलिदान हो चुके हैं। आतंकवादी हमलों के बीच पिछले माह से पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर सीमा लांघ रहे हैं। जवानों की शहादत के लिए चार साल से एलओसी पर सीजफायर होने को बड़ी वजह माना जा रहा है, जिसकी वजह से सीमा पार इलाके से घुसपैठ बढ़ी है।

पीर पंजाल पहाड़ियों के उत्तरी ओर कश्मीर घाटी में आतंकवाद का लगभग सफाया होने के बाद अब सीमा पार से घुसपैठ के लिए दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के दक्षिणी पीर पंजाल के इलाके डोडा, पुंछ और राजौरी, किश्तवाड़ रियासी, कठुआ के पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर आतंकी हमले हो रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों की खुफिया जानकारी के आधार पर सेना ने गंडोह में 26 जून को तीन आतंकवादियों को मार गिराने के बाद घुसपैठ के पीछे एक मॉड्यूल का भी खुलासा किया था। इस मॉड्यूल के सरगनाओं ने सांबा-कठुआ सेक्टर में विदेशी आतंकवादियों को घुसपैठ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

खुफिया सूत्रों का कहना है कि दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों पर कब्जा जमाकर बैठे आतंकी समय-समय पर नीचे उतारते हैं और ग्रामीणों को धमकाकर अपने भोजन का इंतजाम करके वापस ऊंचाइयों पर चले जाते हैं। सेना और पुलिस की जांच के बाद इस मॉड्यूल के सरगना मोहम्मद लतीफ उर्फ हाजी लतीफ और 8 अन्य सदस्यों अख्तर अली, सद्दाम, कुशाल, नूरानी, मकबूल, लियाकत, कासिम दीन, खादिम को हिरासत में लिया गया है। उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ और भद्रवाह इलाकों में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के लगातार प्रॉक्सी वॉर को जवाब देने के लिए सेना ने नया काउंटर प्लान बनाया है। दक्षिण पीर पंजाल में एक समय सेना की 16-17 बटालियन तैनात थीं और कारगिल युद्ध के समय 36 नई पलटन बढ़ाने की जरूरत बताई गई थी, लेकिन मौजूदा समय में यहां महज 6-7 बटालियन ही तैनात हैं। बाकी बटालियन को चीन सीमा पर लद्दाख भेज दिया गया है। सेना की इसी कमी का फायदा उठाकर आतंकवादी पीर पंजाल के दक्षिणी छोर को पार करके डोडा, पुंछ और राजौरी, किश्तवाड़ रियासी और कठुआ इलाकों में आ रहे हैं। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को डोडा और किश्तवाड़ के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया। डोडा और किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान की समीक्षा के लिए काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स (डेल्टा) की बैठक हुई। इस दौरान क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के मद्देनजर आतंकवाद विरोधी अभियान की समीक्षा की गई। उन्होंने जमीन पर तैनात सैनिकों के साथ बातचीत करके चार तस्वीरें भी साझा कीं।

## अनंतनाग में चलाया जा रहा है व्यापक तलाशी अभियान

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने मंगलवार को भी अनंतनाग जिले के घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया है। यहां शनिवार को एक मुठभेड़ में दो सैनिक बलिदान हो गए थे, लेकिन इसके बाद आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग के जंगलों में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। बिरदी ने कहा कि उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर सुरक्षाबल सचेत है और सतर्कता से तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया

**ढाका ।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और छह अन्य के खिलाफ पिछले महीने हुईं हिंसक झड़पों के दौरान किराने की एक दुकान के मालिक की मौत को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को मीडिया की खबरों में यह जानकारी सामने आई है। नौकरी में आरक्षण की विवादास्पद व्यवस्था को लेकर अपनी अवामी लीग नीत सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पिछले सप्ताह इस्तीफा देकर भारत भाग गयीं हसीना (76) के खिलाफ दर्ज किया गया यह पहला मामला है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, यह मामला किराने की दुकान के मालिक अबू सईद के शुभचिंतक ने दर्ज कराया है, जिनकी मोहम्मदपुर में आरक्षण आंदोलन के समर्थन में 19 जुलाई को निकाले गए जुलूस के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मौत हो गई थी।


## गाजा पर आपस में ही भिड़े इजरायल के पीएम व रक्षा मंत्री, नेतन्याहू के प्लान को बताया बकवास

**इजराइल।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने रक्षा मंत्री की आलोचना की है। जिसके बाद इजरायली सरकार के भीतर दरार उजागर हो गई। हमास, हिजबुल्लाह, ईरान और इजरायल के बीच तनाव से मिडिल ईस्ट जंग के मुहाने पर खड़ा है। ऐसे में इजरायल के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच तकरार की खबरें आ रही हैं। इजराइली समाचार मीडिया की रिपोर्ट के बाद नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री योव गैलेंट की आलोचना की है। गैलेंट ने सोमवार को एक निजी सुरक्षा ब्रीफिंग में सांसदों को यह कहकर गाजा पट्टी में हमास पर संपूर्ण जीत हासिल करने के अपने लक्ष्य को बकवास बताया था। रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा चल रहे युद्ध में हमास पर "संपूर्ण जीत" हासिल करने के बेंजामिन नेतन्याहू के लक्ष्य को "अस्पष्ट" कहने के बाद इजरायली प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पलटवार किया है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** अकाउंटिंग फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को रिकॉर्ड करने, समराइज करने और क्लासिफाई करने की प्रक्रिया है जो बिजनेस डिसीजंस लेने में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है। इस जानकारी का उपयोग फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स बनाने के लिए किया जाता है, जिसमें बैलेंस शीट, इनकम स्टेटमेंट और कैश फ्लो स्टेटमेंट शामिल हैं, जो कंपनी की फाइनेंस पोजीशन और परफॉर्मेंस की एक तस्वीर प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अकाउंटिंग में बजट की प्रिपरेशन, फाइनेंस फोरकास्टिंग और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस शामिल है।

# अकाउटिंग की पढ़ाई से बना सकते हैं अपना करियर



### अकाउटिंग क्यों चुनें

**जॉब स्टेबिलिटी:** अकाउंटिंग एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्रोफेशनल्स की उच्च मांग है। जब तक बिजनेसेज और ऑर्गनाइजेशंस हैं, अकाउंटेंट्स की आवश्यकता होगी।

**वर्सिटेलिटी:** एक अकाउंटिंग डिग्री आपके लिए पब्लिक अकाउंटिंग, कॉर्पोरेट अकाउंटिंग, गवर्नमेंट अकाउंटिंग और नॉन-प्रॉफिट अकाउंटिंग सहित कई अलग-अलग करियर के रास्ते खोल सकती है।

**करियर अचीवमेंट्स:** अकाउंटेंट्स जो अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके पास सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) बनने का अवसर है, जिससे अधिक सैलरी और अधिक सीनियर पद प्राप्त हो सकते हैं।

**प्रोफेशन डेवलपमेंट:** अकाउंटिंग का फील्ड लगातार विकसित हो रहा है और अकाउंटेंट्स को नए नियमों और टेक्नोलॉजीज़ के साथ अपडेट रहने की आवश्यकता है। यह चल रही लर्निंग और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अवसर प्रदान कर सकता है।

**फाइनेंशियल नॉलेज:** अकाउंटेंट्स फाइनेंशियल मैनेजमेंट के एक्सपर्ट्स होते हैं, जो पर्सनल फाइनेंसेस के लिए और ठोस फाइनेंशियल डिसीजंस लेने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

**सोशल इंपैक्ट्स:** अकाउंटेंट्स ऑर्गनाइजेशन और बिजनेसेज की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और ग्रोथ सुनिश्चित करने में इंपोर्टेंट रोल निभाते हैं, जो समाज के समग्र कल्याण में योगदान कर सकते हैं।

### करियर स्कोप

- टॉप इंडस्ट्रीज
- बैंक्स
- अकाउंटिंग फर्म्स
- ऑडिटिंग फर्म्स
- फाइनेंशियल फर्म्स
- स्टॉक मार्केट/ब्रोकर

### टॉप रिक्रूटर्स

- डेलोइट
- पीडब्ल्यूसी
- ईवाई
- ग्रेंट थोरनोटन
- केपीएमजी

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- हंबर कॉलेज कनाडा
- सेंटेनियल कॉलेज कनाडा
- सेंट क्लेयर कॉलेज कनाडा
- यूनिवर्सिटी ऑफ विंडसर कनाडा
- फैंशेव कनाडा
- डर्हम कॉलेज कनाडा
- सैनेका कॉलेज ऑफ अप्लाइड आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी
- स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रेलिया
- चिशोल्म इंस्टिट्यूट, ऑस्ट्रेलिया
- साउथर्न कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी



### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी ऑफ, मुंबई
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, अरुणाचल प्रदेश
- साई कॉलेज, भिलाई
- द आईआईएस यूनिवर्सिटी, राजस्थान
- ज्ञानामानी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज, तमिल नाडु
- कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय